"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 289] नवा रायपुर, गुरूवार, दिनांक 4 जून 2026 — ज्येष्ठ 14, शक 1948

उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 25 मई 2026

अधिसूचना

क्रमांक GENS/9406/2026/38-2.— छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, रायपुर के पत्र क्रमांक 10510/आंजनेय यू./परिनियम/171/2023/23471 दिनांक 05.02.2026 द्वारा आंजनेय विश्वविद्यालय, रायपुर का संशोधित अध्यादेश क्रमांक 57(A) का अनुमोदन छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 की धारा 29(2) के तहत् किया गया है।

2. राज्य शासन, एतद् द्वारा, उपरोक्त अध्यादेश को राजपत्र में अधिसूचित किये जाने की स्वीकृति प्रदान करता हैं।

3. उपरोक्त अध्यादेश राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावशील होंगे।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज कुमार मिश्रा, उप–सचिव.

ANJANEYA UNIVERSITY RAIPUR

आंजनेय विश्वविद्यालय रायपुर

अध्यादेश क्रमांक – 57–A

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (स्नातक–पूर्व और स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान करने के अनुदेश के लिए न्यूनतम मानदण्ड) विनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुसार स्नातक–पूर्व उपाधि और स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान करने के लिए अध्यादेश।

1. संक्षिप्त शीर्षक एवं प्रारम्भः

1.1 इस अध्यादेश को आंजनेय विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, स्नातक उपाधि और स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान करने संबंधी अध्यादेश कहा जाएगा। तथापि, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अलावा बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई), फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई), राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा विनियमित कार्यक्रम इस अध्यादेश के दायरे से बाहर होंगे।

1.2 यह अध्यादेश शैक्षणिक सत्र 2025–26 से विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर से लागू होगा।

1.3 अध्यादेश के प्रावधान चार वर्षीय (आठ सेमेस्टर) स्नातक डिग्री (ऑनर्स/शोध सहित ऑनर्स) कार्यक्रम, तीन वर्षीय (छह सेमेस्टर) स्नातक डिग्री कार्यक्रम, दो वर्षीय स्नातक डिप्लोमा कार्यक्रम, एक वर्षीय स्नातक प्रमाणपत्र कार्यक्रम, दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम, एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम और एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पर लागू होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रम निम्नलिखित होंगेः

क्र.सं.	संकाय का नाम	कार्यक्रम का नाम
(1)	(2)	(3)
1	पत्रकारिता/ जनसंचार/ मीडिया	• बैचलर ऑफ आर्ट्स (पत्रकारिता व जनसंचार) (बीए) पत्रकारिता स्नातक (बीजेएमसी) • मास्टर ऑफ आर्ट्स (पत्रकारिता व जनसंचार) (एमजेएमसी)
2	कला/मानविकी/ सामाजिक/पुस्तकालय विज्ञान	• बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) • मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए) (योग/शिक्षा/ललित कला/फिल्म निर्माण /अर्थाशास्त्र /अंग्रेजी /हिंदी /संस्कृत/ भाषा विज्ञान /मनोविज्ञान /समाजशास्त्र/ इतिहास/ राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन/भूगोल/दर्शन/फ्रेंच/स्पैनिस/जर्मन) • बैचलर ऑफ सोशल वेलफेयर (बीएसडब्ल्यू) • मास्टर ऑफ सोशल वेलफेयर (एमएसडब्ल्यू) • ग्रामीण अध्ययन स्नातक (बीआरएस) • ग्रामीण अध्ययन में स्नातकोत्तर (एमआरएस)
3	व्यवसाय प्रशासन/वाणिज्य /प्रबंधन/वित्त	• बैचलर ऑफ कॉमर्स (बी.कॉम) • मास्टर ऑफ कॉमर्स (एम.कॉम) • बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए)

		• मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए)
4	होटल प्रबंधन / आतिथ्य / पर्यटन / यात्रा	• होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी में स्नातक (बीएचएमसीटी) • होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर (एमएचएमसीटी)
5	विज्ञान / सांख्यिकी / कंप्यूटर अनुप्रयोग	• बैचलर ऑफ साइंस (बी.एससी.) • मास्टर ऑफ साइंस (एम.एससी.) (सूचना प्राद्योगिकी / कंम्प्यूटर विज्ञान / जैव प्रौद्योगिकी / कीटाणु–विज्ञान / जैवरसायन / फोरेंसिक विज्ञान / बायो इनफार्मेटिक्स / रसायन ाास्त्र / जीव विज्ञान / जन्तुविज्ञान / वनस्पति विज्ञान / इलेक्ट्रॉनिक्स / गणित / भौतिक विज्ञान / संज्ञानात्मक विज्ञान / योगा / फैशन डिजाइनिंग / इंटीरियर डिजाइनिंग / मनोविज्ञान • बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) • मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) • बैचलर ऑफ स्टैटिक्स (बी.स्टैट.) • मास्टर ऑफ स्टैटिक्स में (एम.स्टैट.)
6	इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी / वास्तुकला / डिजाइन	• डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग • बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक.) (सिविल इंजीनियरिंग / कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलिकॉम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग / मेकेनिकल इजीनियरिंग / माइनिंग इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग) • मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.टेक.) (सिविल इंजीनियरिंग / कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग(ए. आई / एम.एल / डाटा साईंस) / इलेक्ट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलिकॉम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग / मेकेनिकल इजीनियरिंग / माइनिंग इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग) • बैचलर ऑफ डिजाइन (बी.डेस.) • मास्टर ऑफ डिजाइन (एम.डेस.)
7	व्यावसायिक शिक्षा	• बैचलर ऑफ वोकेशन (बी.वोक.)

2. **परिभाषाएं** – इस अध्यादेश में, जब तक की संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

2. **परिभाषाएं** – इस अध्यादेश में, जब तक की संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

I. "**अधिनियम**" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005, समय समय पर यथा संशोधित;

II. "**शैक्षणिक परिषद**" से अभिप्रेत विश्वविद्यालय में सभी शैक्षणिक मामलों के संबंध में निर्णय लेने के लिए सशक्त निकाय से है;

III. "**शिक्षा वर्ष**" से अभिप्रेत प्रत्येक कैलेंडर वर्ष के जनवरी से फरवरी अथवा जुलाई से अगस्त माह, जैसा मामला हो, में शुरू होने वाली बारह माह की अवधि से है;

IV. "**अवार्ड**" से अभिप्रेत किसी छात्र द्वारा अर्हता संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने पर सक्षम निकायों द्वारा प्रदान की जाने वाली अर्हता जैसे प्रमाण पत्र/डिप्लोमा/डिग्री से है;

V. "**अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी)**" से अभिप्रेत एक डिजिटल, आभासी या ऑनलाइन इकाई के रूप में शैक्षणिक सेवा तंत्र, जिसे आयोग केन्द्र सरकार के अनुमोदन से स्थापित किया गया है, ताकि छात्रों को इसके अकादमिक खाताधारक बनने में सुविधा प्राप्त हो, जिससे विस्तीर्ण और लचीले सभी से शिक्षण – ज्ञान अर्जन को बढ़ावा देने के लिए केडिट मान्यता, केडिट संचय, केडिट अंतरण और क्रेडिट मोचन की औपचारिक प्रणाली के माध्यम से डिग्री प्रदान करने वाले उच्चतर शिक्षा संस्थानों के बीच अथवा उनके भीतर निर्बाध छात्र गतिशीलता का मार्ग प्रशस्त है;

VI. "**मूल्यांकन बैंड**" से अभिप्रेत एनसीआरएफ के अनुसार दो अनिवार्य चरणों के बीच स्तरों को जोड़ना। एनसीआरएफ स्तरों को मूल्यांकन चरण के बराबर माना जाता है जिसे छात्र/विद्यार्थी के लिए पास करना एक अनिवार्य चरण होगा;

VII. "**अर्धवार्षिक प्रवेश**" से अभिप्रेत वर्ष में दो बार अर्थात जुलाई/अगस्त और जनवरी/फरवरी में विद्यार्थियों को प्रवेश देने की प्रक्रिया से है;

VIII. "**सीजीपीयूआरसी**" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग;

IX. "**चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस)**" से अभिप्रेत है एक ऐसी प्रणाली जिसमें छात्र अपनी पंसद के पाठ्यक्रम का चयन कर सकते है, अपनी गति से सीख सकते है, अतिरिक्त पाठ्यक्रम का अध्ययन कर आवश्यक केडिट से अधिक केडिट प्राप्त कर सकते है और वैधानिक निकाय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अंतःविषय दृष्टिकोण अपना सकते है;

X. "**आयोग**" से अभिप्रेत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से है;

XI. "**कोर्स**" से अभिप्रेत निर्दिष्ट इकाइयों में से एक जो अध्ययन के एक निर्दिष्ट कार्यक्रम को सम्मिलित करने से है;

XII. "**क्रेडिट**" से अभिप्रेत "राष्ट्रीय केडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) में यथा परिभाषित एक सेमेस्टर की अवधि में प्रति सप्ताह आवश्यक निर्देश के धंटों की संख्या से है;

XIII. "**क्रेडिट पॉइंट**" से अभिप्रेत किसी पाठ्यक्रम के लिए ग्रेड पॉइंट और केडिट संख्या का गुणनफल से है;

XIV. "**क्रेडिट अपेक्षाओं**" से अभिप्रेत किसी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम के लिए निर्धारित मॉग से है। केडिट अपेक्षाओं को पूर्ण करने वाले छात्र का अर्थ है कि उसने पाठ्यक्रम/कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है;

XV. "**क्रेडिट अंतरण**" से अभिप्रेत उस तंत्र से है जिसके द्वारा एबीसी के साथ पंजीकृत उच्चतर शिक्षा संस्थान ऑफलाइन/ऑनलाइन/निजी/आरपीएल पद्धति के माध्यम से छात्रों द्वारा पूर्ण

किये गये पाठ्यक्रमों/प्राप्त अनुभवो के मानदण्डों का पालन करते हुए व्यक्तिगत शैक्षणिक बैंक खातों में निर्धारित क्रेडिट प्राप्त करने या प्रदान करने में सक्षम है;

XVI. "**संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए)**" से अभिप्रेत सभी सेमेस्टर में एक छात्र के समग्र संचयी प्रर्दशन का माप। सीजीपीए संबंधित सेमेस्टर तक पंजीकृत विभिन्न पाठ्यक्रमों में एक छात्र द्वारा प्राप्त कुल क्रेडिट पॉइंट और संबंधित सिमेस्टर में सभी पंजीकृत पाठ्यक्रमों के कुल क्रेडिट पॉइंट के योग का अनुपात है। इसे दो दशमलव स्थानों तक व्यक्त किया जायेगा;

XVII. "**उपाधि" या "डिग्री**" से अभिप्रेत यूजीसी अधिनियम की धारा 22(3) के उपबंधों के अनुसार उच्चतर शिक्षा संस्थान द्वारा प्रदान की गई डिग्री से है;

XVIII. "**डूयल डिग्री**" से अभिप्रेत एक उच्च शिक्षा संस्थान या एक से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों से दो अलग अलग डिग्री अर्जित करने से है;

XIX. "**शासन**" से अभिप्रेत छत्तीसगढ़ शासन से है;

XX. "**ग्रेड पॉइंट**" से अभिप्रेत 10 पॉइंट स्केल पर या समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रत्येक ग्रेड के लिए आबंटित संख्यात्मक भार से है;

XXI. "**ग्रेड सीट**" से अभिप्रेत किसी शिक्षार्थी द्वारा अर्जित ग्रेड के आधार पर प्राप्त एक प्रमाण पत्र से है। ग्रेड शीट में पाठ्यक्रम विवरण (कोड, शीर्षक, क्रेडिट की संख्या, प्राप्त ग्रेड) के साथ–साथ सेमेस्टर का एसजीपीए और उस सेमेस्टर तक अर्जित सीजीपीए सम्मिलित होगा। अंतिम सेमेस्टर ग्रेड शीट में आवंटित अधिकतम अंकों में से सभी सेमेस्टर में छात्र द्वारा प्राप्त अंकों का संचयी योग भी प्रदर्शित होगा, जिसके लिए पाठ्यक्रम के ग्रेड का मूल्यांकन किया गया था। हालाँकि, अंतिम परिणाम ग्रेड/सीजीपीए पर आधारित होगा;

XXII. "**उच्च शिक्षण संस्थान**" से अभिप्रेत ऐसे उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों (एचईआईस) से है, जिसे यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 22 के अनुसार स्वयं या अपने संबद्ध विश्वविद्यालयों के माध्यम से डिग्री प्रदान करने का अधिकार से है;

XXIII. "**ज्ञानअर्जन निष्कर्ष**" से अभिप्रेत किसी शिक्षार्थी द्वारा ज्ञानअर्जन की प्रक्रिया और अध्ययन के कार्यक्रम/पाठ्यक्रम के पूरा होने पर वह क्या जानता है, समझता है और क्या करने में सक्षम है, के विवरण से है;

XXIV. "**अक्षर ग्रेड**" से अभिप्रेत किसी पाठ्यक्रम में शिक्षार्थी के प्रदर्शन का सूचकांक से है। अक्षर ग्रेड को अक्षर– O, A^+, B^+, B, C, P, F, एवं AB से प्रर्दशित किया जाता है;

XXV. "**स्तर**" से अभिप्रेत अनुक्रमिक चरणों की एक श्रृंखला से है, जैसा कि "राष्ट्रीय क्रेंडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ)" में दिया गया है, जिसे ज्ञानअर्जन के परिणामों की एक श्रृंखला के संदर्भ में व्यक्त किया जाता है, जिसके समक्ष विशिष्ट अर्हताएं रखी जाती है/स्थित होती है;

XXVI. "**वृहद मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी)**" से अभिप्रेत ऐसे ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से है जो "फोर क्वाड्रेन्ट एप्रोच" का पालन कर शिक्षण पद्धति के अनुसार विकसित किये जाते है;

XXVII. "**बहुस्तरीय प्रवेश एवं निर्गमन**" से अभिप्रेत एक सक्षम तत्र से है जिसके अन्तर्गत शिक्षार्थी किसी भी स्तर पर कार्यक्रम से निर्गमित होकर पुनः प्रवेश ले सकता है, ताकि वह निर्धारित अवधि के भीतर अपनी शिक्षा जारी रखते हुए उच्चतर योग्यता अर्जित कर सके;

XXVIII. "**नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ)**" से अभिप्रेत प्रारंभिक शिक्षा, स्कूल, उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा व प्रशिक्षण को सम्मिलित करते हुए एक व्यापक केडिट ढांचा, जिसमें शैक्षणिक, व्यावसायिक कौशल और अनुभवात्मक शिक्षा जैसे विभिन्न आयामों में सीखने के क्रेडिटीकरण को एकीकृत किया गया है, जिसमें उपयुक्त अनुभव और प्रवीणता/पेशेवर स्तर शामिल है;

XXIX. "**राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अर्हता रूपरेखा**" से अभिप्रेत एक वर्णात्मक रूपरेखा से है जो ज्ञान/दक्षता /कौशल के स्तरो की श्रृंखला के अनुसार अर्हताओ को व्यवस्थित करती है;

XXX. "**ऑन लाइन पद्धति**" से अभिप्रेत इन्टरनेट, ई–लर्निंग सामग्री और प्रौद्योगिकी तंत्रों और संसाधनों का उपयोग करके इन्टरनेट के माध्यम से पूर्ण कार्यक्रम वितरण का उपयोग करके शिक्षक और शिक्षार्थी के बीच के अन्तर को दूर करके लचीले ज्ञानअर्जन के अवसर प्रदान करने की एक पद्धति से है;

XXXI. "**मुक्त और दूरस्थ शिक्षा पद्धति**" से अभिप्रेत विभिन्न प्रकार के मीडिया जिसमें प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक, ऑनलाइन और शिक्षार्थियों या शिक्षार्थी सहायता सेवाओं के साथ कभी–कभार होने वाली अन्तर्क्रियान्मक आमने – सामने की बैठके सम्मिलित है, जिसका उपयोग करके शिक्षक एवं शिक्षार्थी के बीच के अन्तर को दूर करके लचीले शिक्षण के अवसर प्रदान करने की पद्धति से है, ताकि प्रयोगात्मक अथवा कार्य अनुभव सहित शिक्षण–ज्ञानअर्जन अनुभव किया जा सके;

XXXII. "**कार्यक्रम" अथवा "अध्ययन कार्यक्रम**" से अभिप्रेत यूजीसी अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (3) के अन्तर्गत यूजीसी द्वारा विनिर्दिष्ट डिग्री के लिए अपनाया गया उच्चतर शिक्षा कार्यक्रम से है;

XXXIII. "**सेमेस्टर**" से अभिप्रेत 14–20 सप्ताह के शिक्षण कार्य में फैला एक शैक्षणिक सत्र से है। जुलाई से शुरू होने वाले अकादमिक वर्ष के मामले में विषम सेमेस्टर सामान्यतः जुलाई से दिसम्बर तक और सम सेमेस्टर जनवरी से जुलाई तक निर्धारित किया जायेगा, और सम सेमेस्टर जनवरी से जुलाई तक निर्धारित किया जायेगा। जनवरी से शुरू होने वाले अकादमिक वर्ष के मामले में विषम सेमेस्टर सामान्यतः जनवरी से जुलाई तक और सम सेमेस्टर जुलाई से दिसम्बर तक निर्धारित किया जायेगा;

XXXIV. "**सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट औसत (एसजीपीए)**" से अभिप्रेत किसी सेमेस्टर में छात्र के प्रदर्शन का माप से है। यह एक सेमेस्टर में पंजीकृत विभिन्न कोर्स में छात्र द्वारा प्राप्त कुल क्रेडिट अंक और उस सेमेस्टर के सभी कोर्स के कुल क्रेडिट का अनुपात है। एसजीपीए को दो दशमलव अंको तक व्यक्त किया जायेगा;

XXXV. "**पूर्व शिक्षा की मान्यता (आरपीएल)**" से अभिप्रेत एक मूल्यांकन प्रक्रिया से है जिसे किसी व्यक्ति के कौशल, ज्ञान और औपचारिक या अनौपचारिक ज्ञानअर्जन अनुभव के माध्यम से अर्जित अनुभव का मूल्यांकन करने के लिए तैयार किया गया है;

XXXVI. "**छात्र**" से अभिप्रेत विश्वविद्यालय में किसी विशिष्ट क्रेडिट आधारित कोर्स/पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने वाला तथा अध्ययनरत व्यक्ति;

XXXVII. "**प्रतिलेख" या "ट्रान्सक्रिप्ट**" से अभिप्रेत पाठ्यक्रम के सफल समापन के पश्चात पाठ्यक्रम में सभी नामांकित छात्रों को जारी किये जाने वाले प्रमाण–पत्र से है। इसमें सभी सेमेस्टर का एसजीपीए और सीजीपीए सम्मिलित है;

XXXVIII. "**स्नातकपूर्व प्रमाण–पत्र**" से अभिप्रेत स्नातकपूर्व कार्यक्रम में अध्ययन के चुने हुए क्षेत्रों में 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) का अध्ययन पूर्ण करने के बाद प्राप्त प्रमाण–पत्र से है;

XXXIX. "**स्नातकपूर्व डिप्लोमा**" से अभिप्रेत किसी स्नातकपूर्व कार्यक्रम में अध्ययन के चुने हुए क्षेत्रों में 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) के अध्ययन पूर्ण करने के बाद प्रदान किये जाने वाले डिप्लोमा से है;

XL. "**विश्वविद्यालय**" से अभिप्रेत आंजनेय विश्वविद्यालय, रायपुर से है;

3. प्रवेश के लिए पात्रता और सीटों की उपलब्धता –

क. किसी अभ्यर्थी, जिसने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से औपचारिक शिक्षा या मुक्त विद्यालय प्रणाली के माध्यम से स्तर 4/कक्षा 12वीं की परीक्षा या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो, विश्वविद्यालय में स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होगा। प्रवेश मेरिट के आधार पर तथा यूजीसी एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर बनाये गये प्रवेश नियमों एवं दिशानिर्देशों तथा विनियमों के अनुसार दिया जायेगा।

ख. कोई भी अभ्यर्थी, चाहे उसने स्तर 4/कक्षा 12वीं की स्कूली शिक्षा में कोई भी विषय लिया हों, यूजी प्रोग्राम के किसी भी विषय में प्रवेश के लिये पात्र है, बशर्ते की वह यूजी प्रोग्राम के विषय में राष्ट्रीय स्तर या विश्वविद्यालय स्तर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो। यदि विभिन्न विषयों के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है, तो विश्वविद्यालय छात्रों के ज्ञान संबंधी अंतराल को दूर करने के लिए आवश्यकतानुसार ब्रिज कोर्स का प्रावधान करेगा।

ग. एक छात्र एक साथ दो यूजी कार्यक्रम कर सकता है और यूजीसी के पाठयक्रम और विश्वविद्यालय को सूचित करते हुए स्नातक कार्यक्रमों के लिए क्रेडिट फ्रेमवर्क में दिए गए विषय/संस्थान/शिक्षण के तरीके में बदलाव के लचीलेपन के साथ दोहरी उपाधि अर्जित कर सकता है, और यूजीसी द्वारा एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रम करने के लिए जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, एक छात्र दो शैक्षणिक कार्यक्रम कर सकता है, एक पूर्णकालिक फिजिकल पद्धति में और दूसरा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति से ओडीएल/ऑनलाइन पद्धति में, बशर्ते कि एक कार्यक्रम का समय–सारणी दूसरे कार्यक्रम के समय–सारणी के साथ अधिव्यापन न हो। इसके अलावा, ओडीएल/ऑनलाइन पद्धति के तहत डिग्री या 'डिप्लोमा कार्यक्रम केवल ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ किए जायेगें, जिन्हें यूजीसी/वैधानिक परिषद, भारत सरकार द्वारा ऐसे कार्यक्रम चलाने के लिए मान्यता प्राप्त है।

घ. नियमित पद्धति के अलावा अन्य विभिन्न पद्धति जैसे मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति, ऑनलाइन पद्धति एवं आरपीएल पद्धति से ज्ञानअर्जन एक अच्छी तरह से परिभाषित मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से क्रेडिट योग्य होगा और यह समय–समय पर मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति/ ऑनलाइन पद्धति और आरपीएल के संबंध में यूजीसी द्वारा अधिसूचित दिशा निर्देशों/विनियमों के अधीन होगा।

इ अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का विश्वविद्यालय में "भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश और अतिरिक्त सीटों के लिए दिशा निर्देश", समय–समय पर संशोधित, के अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। विश्वविद्यालय कुल स्वीकृत पदों के अलावा केवल अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए 25 प्रतिशत तक अतिरिक्त सीटे सृजित कर सकता है जिसमें एक्सचेंज कार्यक्रमों के तहत या विश्वविद्यालय और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों के मध्य या भारत सरकार और अन्य देशों के मध्य समझौता ज्ञापन एमओयू के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय छात्र सम्मिलित नहीं होंगे। विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उनके द्वारा धारित प्रवेश योग्यता की समकक्षता के आधार पर प्रवेश देगा, जिसका निर्धारण यूजीसी या यूजीसी द्वारा ऐसे उद्देश्य के लिए मान्यता प्राप्त किसी अन्य निकाय या देश के संबंधित नियामक निकाय द्वारा किया जायेगा।

च. औपचारिक शिक्षा के बाहर या कार्यस्थल या समुदाय में शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से छात्र द्वारा प्राप्त की गई शिक्षा, पूर्व में प्राप्त शिक्षा के परिणामों के सत्यापन पर आधारित होगी। किसी विशेष पेशे में अनुभव और विशेषज्ञता वाले ऐसे छात्र का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा यूजीसी के "उच्च शिक्षा में पूर्व शिक्षा (आरपीएल) की मान्यता के कार्यान्वयन के लिए दिशा निर्देश", समय–समय पर यथा संशोधित, के अनुसार किया जायेगा।

छ. किसी भी कार्यक्रम में सामान्यतः छात्रों का नामांकन प्रति सेक्शन 60 सीटों तक सीमित होगा। तथापि, यदि उपयुक्त नियामक निकायों द्वारा पहले से ही अधिक सीटों की स्वीकृति दे दी गई है, तो प्रति सेक्शन सीटों की संख्या नियामक निकायों द्वारा दी गई स्वीकृति के अनुसार होगी। किसी कार्यक्रम में अधिक प्रवेश की माँग होने पर, विश्वविद्यालय सीजीपीयूआरसी को सूचित करते हुए और सेक्शन खोल सकता है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के लिए यूजीसी के मानदंडों का पालन करना अनिवार्य होगा।

ज. शैक्षणिक और भौतिक सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष में, सीजीपीयूआरसी को सूचना देने के उपरान्त, पात्र पार्श्व प्रवेशकों के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत सीटे निर्धारित की जा सकती है, यदि छात्र ने उसी कार्यक्रम के क्रमशः प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और अध्ययन में अंतराल के बाद कार्यक्रम में पुनः प्रवेश लेना चाहता है।

झ. सभी कार्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया सामान्यतः प्रत्येक वर्ष जून/जुलाई से शुरू होगी। हालाँकि, यूजीसी द्वारा परिकल्पित "अर्धवार्षिक प्रवेश" के मद्देनजर, कुछ परिस्थितियों में, विश्वविद्यालय दिसंबर/जनवरी माह में भी ऐसे कार्यक्रमों में प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है जिनके लिए पर्याप्त बुनियादी ढाँचा और शिक्षक उपलब्ध हों और सीजीपीयूआरसी से अनुमोदन प्राप्त हो।

ञ. सभी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए सूचना विश्वविद्यालय द्वारा अपनी वेबसाइट और अन्य उपयुक्त स्थानों पर प्रकाशित की जायेगी, जिसमें आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि और आवेदन पत्र जमा करने का तरीका, उपलब्ध सीटों की संख्या, पात्रता मानदण्ड, प्रवेश के लिये प्रस्तुत किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज, कार्यक्रम की अवधि आदि का उल्लेख किया जायेगा।

ट. निर्धारित मानदण्डों की पूर्ति के अधीन, एकाधिक प्रवेश और निकास बिन्दुओं का प्रावधान होगा, जैसा कि इस अध्यादेश में आगे वर्णित किया गया है।

ठ. शैक्षणिक कार्यक्रमों में एकाधिक प्रवेश और निर्गम बिन्दुओं को समर्थ करने के लिये, प्रमाण–पत्र, डिप्लोमा और डिग्री जैसी योग्यताएं स्तर को आरोही क्रम में व्यवस्थित करने स्तर 4.5 से स्तर 6 – स्तर 4.5 प्रमाण–पत्र, स्तर 5 डिप्लोमा, स्तर 5.5 स्नातक उपाधि, एवं स्तर 6 स्नातक डिग्री (ऑनर्स/शोध सहित ऑनर्स)/बी.टेक./बी.ई./पीजी डिप्लोमा हेतु निर्धारित योग्यता तथा न्यूनतम क्रेडिट की आवश्यकता संबंधी जानकारी तथा प्रवेश और निर्गम बिन्दुओं की जानकारी तालिका–1 में दी गई है।

ड. कार्यक्रमों में प्रवेश के लिये आवश्यक दस्तावेज (स्थानांतरण प्रमाण–पत्र/जाति प्रमाण–पत्र/अंकसूची/प्रवासन प्रमाण–पत्र आदि) ऐसे होगें जो कि विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर उपयुक्त निकायो द्वारा जारी गाइड–लाइन/निर्देशों के अनुसार निर्धारित किये जाएंगे।

4. डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण–पत्र का नामकरण और क्रेडिट आवश्यकताएं –

क. **स्नातकपूर्व प्रमाण–पत्रः** यदि कोई छात्र प्रथम वर्ष (द्वितीय सेमेस्टर) सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात प्रस्थान का विकल्प चुनता है और कम से कम 40 केडिट प्राप्त कर लेता है, तो उसे स्नातक प्रमाण–पत्र प्रदान किया जायेगा, बशर्ते उसने द्वितीय सेमेस्टर पूरा होने के बाद अर्जित केडिट के अतिरिक्त न्यूनतम 4 क्रेडिट का कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम भी पूरा किया हो। उसे तीन वर्षो के भीतर डिग्री कार्यक्रम में पुनः प्रवेश करने और निर्धारित

अधिकतम सात वर्षो की अवधि के भीतर डिग्री कार्यक्रम पूरा करने की अनुमति दी जा सकती है।

ख. **स्नातकपूर्व डिप्लोमाः** यदि कोई छात्र द्वितीय वर्ष (चार सेमेस्टर) सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात प्रस्थान का विकल्प चुनता है और कम से कम 80 केडिट प्राप्त कर लेता है, तो उसे स्नातक डिप्लोमा प्रदान किया जायेगा, बशर्ते उसने चार सेमेस्टर पूर्ण करने के बाद अर्जित केडिट के अतिरिक्त न्यूनतम 4 क्रेडिट का कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम भी पूरा किया हो। उसे तीन वर्षो के भीतर डिग्री कार्यक्रम में पुनः प्रवेश करने और निर्धारित अधिकतम सात वर्षो की अवधि के भीतर डिग्री कार्यक्रम पूरा करने की अनुमति दी जा सकती है।

ग. **तीन वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्रीः** जो छात्र तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम करना चाहता है, उसे तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूरा करने, 120 क्रेडिट प्राप्त करने और न्यूनतम केडिट आवश्यकताओं की पूर्ति करने पर उसे यूजी डिग्री विथ मेजर प्रदान की जायेगी।

घ. **चार वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री (ऑनर्स):** प्रमुख विषय में चार वर्षीय स्नातकपूर्व ऑनर्स डिग्री उस छात्र को प्रदान की जायेगी जो 160 क्रेडिट के साथ चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रम पूरा करता है और न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकता की पूर्ती करता है।

इ **चार वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री (ऑनर्स एवं शोध):** जो छात्र पहले छह सेमेस्टर में कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्नातक स्तर पर शोध करना चाहता है, वह चौथे वर्ष में शोध विषय का चयन कर सकता है। उसे विश्वविद्यालय के किसी संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में एक शोध परियोजना या शोध प्रबंध करना होगा। शोध परियोजना/शोध प्रबंध मुख्य विषय में करना होगा। शोध परियोजना/शोध प्रबंध में 12 केडिट सहित 160 केडिट अंक प्राप्त करने वाले छात्र को स्नातक उपाधि (ऑनर्स एवं शोध) प्रदान की जायेगी।

च. **एकल विषय के साथ स्नातकपूर्व डिग्री कार्यक्रमः** तीन वर्षीय/चार वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री के लिये प्रमुख विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत क्रेडिट प्राप्त करने वाले छात्र को एकल विषय के साथ स्नातकपूर्व डिग्री प्रदान किया जायेगा। शेष 50 प्रतिशत क्रेडिट के लिए छात्र कौशल पाठ्यक्रम/प्रशिक्षुता और बहुविषयक विषय का चयन कर सकेगा।

छ. **डबल मेजर के साथ स्नातकपूर्व डिग्री कार्यक्रमः** जो तीन वर्षीय/चार वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री के लिए प्रमुख विषय मे न्यूनतम 40 प्रतिशत क्रेडिट प्राप्त करता है उसे डबल मेजर प्रदान किया जायेगा।

ज. **अंतःविषयक स्नातकपूर्व डिग्री कार्यक्रमः** इस कार्यक्रम में मुख्य पाठ्यक्रमों के केडिट घटक विषय/विषय के बीच वितरित किये जायेंगे ताकि अंतःविषयक कार्यक्रम में मुख्य दक्षताएं प्राप्त की जा सके।

झ. **बहुविषयक स्नातकपूर्व डिग्री कार्यक्रमः** बहुविषयक अध्ययन कार्यक्रम का अनुसरण करने वाले छात्र के लिये, कोर पाठ्यक्रमों के क्रेडिट विषयों जैसे कि जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणितीय और कम्प्यूटर विज्ञान, डेटा विश्लेषण, सामाजिक विज्ञान आदि के बीच वितरित किये जायेंगे।

नोटः–

अ) सभी कार्यक्रमों का नामकरण यूजीसी द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुसार होगा।

ब) विश्वविद्यालय द्वारा प्रमुख श्रेणी के अंतर्गत पाठ्यक्रमों की सूची और डबल मेजर, अंतःविषयक और बहुविषयक कार्यक्रमों के लिये क्रेंडिट वितरण पर निर्णय लिया

जावेगा। प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत डिग्री प्रदान करने के लिये न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताएँ नीचे तालिका के रूप में दी गयी हैं।

तालिका 1: योग्यता का प्रकार एवं क्रेडिट की आवश्यकतायें

स. क्र.	एनएचइक्यूएफ स्तर	योग्यता का शीर्षक/नामकरण	क्रेडिट आवश्यकताएं (न्यूनतम)
(1)	(2)	(3)	(4)
1	लेवल 4.5	स्नातकपूर्व प्रमाण–पत्र (सीखने/विषय के क्षेत्र में) उन छात्रों के लिए जो स्नातकपूर्व कार्यक्रम के पहले वर्ष (2 सेमेस्टर) के बाद निकास करते हैं। (कार्यक्रम की अवधि : स्नातकपूर्व कार्यक्रम का पहला वर्ष या 2 सेमेस्टर)	40 क्रेडिट
2	लेवल 5	स्नातकपूर्व डिप्लोमा (सीखने/विषय के क्षेत्र में) उन छात्रों के लिए जो स्नातकपूर्व कार्यक्रम के पहले दो वर्षों (4 सेमेस्टर) के बाद निकास करते हैं। (कार्यक्रम की अवधि : स्नातकपूर्व कार्यक्रम के पहले दो वर्ष या 4 सेमेस्टर)	80 क्रेडिट
3	लेवल 5.5	स्नातकपूर्व डिग्री (उदाहरणः कला स्नातक; विज्ञान स्नातक; वाणिज्य स्नातक; व्यवसाय प्रशासन स्नातक, आदि) (कार्यक्रम की अवधिः तीन वर्ष या 6 सेमेस्टर)	120 क्रेडिट
4	लेवल 5.5	व्यवसाय स्नातक (बी.वोक) (कार्यक्रम की अवधिः 3 वर्ष या 6 सेमेस्टर)	120 क्रेडिट
5	लेवल 6	इंजीनियरिंग स्नातक (बी.ई.); प्रौद्योगिकी स्नातक (बी.टेक.) (कार्यक्रम की अवधिः चार वर्ष या 8 सेमेस्टर)	160 क्रेडिट
6	लेवल 6	बी.ए., बी.एड.; बी.एससी., बी.एड.; बी.कॉम., बी.एड. (4–वर्षीय दोहरी डिग्री इंटीग्रेटेड शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम)	160 क्रेडिट
7	लेवल 6	स्नातक डिग्री (ऑनर्स/अनुसंधान के साथ ऑनर्स) (कार्यक्रम की अवधिः चार वर्ष या 8 सेमेस्टर)	160 क्रेडिट
8	लेवल 6	स्नातकोत्तर डिप्लोमा। उन लोगों के लिए जो 2–वर्षीय मास्टर कार्यक्रम के पहले वर्ष या दो सेमेस्टर की सफलतापूर्वक समाप्ति के बाद बाहर निकलते हैं। (कार्यक्रम की अवधिः एक वर्ष या 2 सेमेस्टर)	40 क्रेडिट
9	लेवल 6.5	मास्टर की डिग्री (जैसेः एम.ए.; एम.कॉम., एम.एससी.; आदि) (कार्यक्रम की अवधि : तीन वर्ष की स्नातक डिग्री प्राप्त करने के बाद दो वर्ष या चार सेमेस्टर)	80 क्रेडिट
10	लेवल 6.5	मास्टर की डिग्री (जैसेः एम.ए.; एम.कॉम., एम.एससी.; आदि) (कार्यक्रम की अवधि : चार वर्ष की स्नातक (ऑनर्स/अनुसंधान के साथ ऑनर्स) डिग्री प्राप्त करने के बाद एक वर्ष या 2 सेमेस्टर)	40 क्रेडिट
स. क्र.	एनएचइक्यूएफ स्तर	योग्यता का शीर्षक/नामकरण	क्रेडिट आवश्यकताएं (न्यूनतम)
(1)	(2)	(3)	(4)
11	लेवल 7	मास्टर की डिग्री (जैसेः एम.ई.; एम.टेक. आदि) (कार्यक्रम की अवधि : बी.ई., बी.टेक. आदि स्नातक डिग्री प्राप्त	80 क्रेडिट

		करने के बाद दो वर्ष या चार सेमेस्टर)	
12	**लेवल 8**	डॉक्टोरल डिग्री	कोर्स वर्क, शोध प्रबंध और प्रकाशित कार्य

नोटः–

(i) शोध नहीं करने वाले ऑनर्स छात्रों को शोध परियोजना/शोध प्रबंध के स्थान पर 12 क्रेडिट के 3 पाठ्यक्रम करने होगे।

(ii) यूजीसी/वैधानिक निकायों द्वारा जारी दिशा –निर्देशों के अनुसार, विश्वविद्यालय अतिरिक्त क्रेडिट इस प्रकार आबंटित कर सकता है जिससे छात्रों को न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सुविधाजनक हो।

5. स्नातकपूर्व कार्यक्रम के पाठ्यक्रम घटक –

पाठयक्रम में प्रमुख स्ट्रीम कोर्स, लघु स्ट्रीम और अन्य विषयों के कोर्स, भाषा कोर्स, कौशल कोर्स, और पर्यावरण शिक्षा, भारत को समझना, डिजिटल और तकनीकी समाधान, स्वास्थ एवं कल्याण, योग शिक्षा, और खेल एवं फिटनेस पर आधारित कोर्स पाठ्यक्रमों में सम्मिलित होगा। द्वितीय सेमेस्टर के अंत में, छात्र या तो चयन किये गये विषयो को जारी रखने का निर्णय ले सकता है या विषय बदलने का अनुरोध कर सकता है। लघु स्ट्रीम कोर्स में व्यावसायिक पाठ्यक्रम सम्मिलित होगें जो छात्रों को रोजगार उन्मुख कौशल के क्षेत्र में तैयार करने में सहायता प्रदान करेंगे।

6. विषयक/अंतःविषय मेजर –

मेजर विषयों के अन्तर्गत, छात्र को किसी विशेष विषय या विषयक का गहनं अध्ययन करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। छात्र को पहले वर्ष के दौरान अंतःविषय पाठ्यक्रमों का अन्वेषण करने के लिए पर्याप्त समय देकर, दूसरे सेमेस्टर के अंत में उस व्यापक विषयक में प्रमुख विषय बदलने की अनुमति दी जा सकती है। सातवें सेमेस्टर में उन्नत स्तरीय विषयक/अंतःविषय पाठ्यक्रम, शोध पद्धति पर एक पाठयक्रम और एक परियोजना/शोध प्रबंध आयोजित किया जायेगा। अंतिम सेमेस्टर में सेमिनार प्रस्तुति, परियोजना रिपोर्ट/शोध प्रबंध की तैयारी और प्रस्तुति हेतु समर्पित रहेगा। परियोजना कार्य/शोध प्रबंध अध्ययन के अनुशासनात्मक कार्यक्रम के किसी विषय या अंतःविषय विषय पर होगा।

7. विषयक/अंतःविषय माइनर –

छात्र के पास व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम से संबंधित विषयक/अंतःविषयक माइनर विषयों और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों में से चयन करने का विकल्प होगा। जो छात्र चयन किये गये मेजर विषय के अलावा किसी अन्य विषय या अंतःविषयक अध्ययन क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पाठ्यक्रम का चयन करता है, उसे उस विषय या चयन किये हुए अंतःविषयक अध्ययन क्षेत्र में माइनर विषय के लिए अर्हता प्राप्त होगी। छात्र विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करने के बाद, दूसरे सेमेस्टर के अंत में माइनर विषय और व्यावसायिक स्ट्रीम के विषयों का चयन कर सकता है।

8. व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण–

व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण, सैद्धांतिक और व्यावहारिक कौशल के साथ–साथ स्नातक कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग होगा। व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण से संबंधित माइनर विषय के लिए

न्यूनतम 12 क्रेडिट आबंटित किये जायेंगे और ये छात्र की पसंद के मेजर या माइनर विषय से संबंधित हो सकते है। ये पाठ्यक्रम उन छात्रों के लिए नौकरी पाने में उपयोगी होंगे जो कार्यक्रम पूर्ण करने से पहले निकास करते है।

9. अन्य विषयक के पाठ्यक्रम (बहुविषयक) (9 क्रेडिट) –

सभी स्नातकपूर्व छात्रों को नीचे दिये गये किसी भी व्यापक विषय से संबंधित 3 प्रारंभिक स्तर के पाठ्यक्रम करने होंगे। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य बौद्धिक अनुभव को व्यापक बनाना जिसमें कि लिबरल आर्ट एवं विज्ञान शिक्षा का भाग सम्मिलित होगा। छात्रों को इस श्रेणी के अंतर्गत प्रस्तावित मेजर और माइनर विषयों में उच्चतर माध्यमिक स्तर (कक्षा 12) पर पहले से लिये गये पाठ्यक्रमों को चुनने या दोहराने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

क. **प्राकृतिक और भौतिक विज्ञानः** छात्र प्राकृतिक विज्ञान जैसे विषयों में से बुनियादी कोर्स का चयन कर सकते है, उदाहरणतः जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, जैव रसायन, रसायन विज्ञान, भौतिक, जैवभौतिकी, खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी, पृथ्वी और पर्यावरण विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, फोरेंसिक विज्ञान आदि।

ख. **गणित, सांख्यिकी और कम्प्यूटर एप्लिकेशन–** इस श्रेणी के अन्तर्गत कोर्स छात्रों को अपने मेजर और माइनर विषयों में उपकरणों और तकनीकों का उपयोग और अनुप्रयोग करने में सक्षम बनाएंगे। इस कोर्स में पायथन जैसे प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर और स्टाटा एसपीएस आदि जैसे अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण सम्मिलित किये जा सकते हैं। इस श्रेणी के अंतर्गत आने वाली बुनियादी कोर्स विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में डेटा विश्लेषण और मात्रात्मक उपकरणों के अनुप्रयोग का ज्ञान प्राप्त करने में सहायक होंगे।

ग. **पुस्तकालय, सूचना एवं मीडिया विज्ञान–** इस श्रेणी के अन्तर्गत कोर्स छात्रों को (सूचना एवं मीडिया विज्ञान, पत्रकारिता, जनसंचार एवं संचार) के क्षेत्र में आधुनिक विकास को समझने मे सहायता प्रदान करेगें।

घ. **वाणिज्य एवं प्रबंधन–** इस श्रेणी के कोर्स के अन्तर्गत व्यवसाय प्रबंधन, लेखा, वित्त, वित्तीय संस्थान, फिनटेक आदि सम्मिलित है।

ञ. **मानविकी और सामाजिक विज्ञान–** सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत कोर्स, उदाहरणतः मानव विज्ञान, संचार और मीडिया, अर्थशास्त्र, इतिहास, भाषा विज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, सामाजिक कार्य, समाजशास्त्र, आदि सम्मिलित है। ये कोर्स छात्रों को व्यक्तियों और उनके सामाजिक व्यवहार, समाज और राष्ट्र को समझने में सक्षम बनायेंगे। छात्रों को भारत के लिए उपलब्ध बड़े पैमाने के डेटाबेस से सर्वेक्षण पद्धति से भी परिचित कराया जायेगा। मानविकी के अंतर्गत कोर्स उदाहरणतः पुरातत्व, इतिहास, तुलनात्मक साहित्य, कला और रचनात्मक अभिव्यक्ति, रचनात्मक लेखन और साहित्य, भाषाएँ, दर्शनशास्त्र, आदि, और मानविकी से संबंधित अंतःविषय कोर्स सम्मिलित होंगे। कोर्स की सूची में संज्ञानात्मक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, जेन्डर स्टडी, वैश्विक पर्यावरण और स्वास्थ, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, राजनीतिक अर्थव्यवस्था और विकास, सतत विकास, महिला एवं जेन्डर स्टडी आदि जैसे अंतःविषय समाज को समझने में सहायक होंगे।

10. योग्यता संवर्धन कोर्स (एईसी) (08 क्रेडिट) आधुनिक भारतीय भाषा (एमआईएल) एवं भाषा और संचार कौशल पर केंद्रित अंग्रेजी भाषाः

छात्रों को एक आधुनिक भारतीय भाषा (एमआईएल) और अंग्रेजी भाषा में दक्षता प्राप्त करने की दृष्टिकोण से भाषा और संचार कौशल पर विशेष बल दिया जायेंगा। कोर्स का उद्देश्य छात्रों को आलोचनात्मक पठन, व्याख्यात्मक और अकादमिक लेखन कौशल सहित मूल भाषाई कौशल प्राप्त करने और प्रदर्शित करने में सक्षम बनाना है, जिससे उन्हें अपने तर्को को स्पष्ट और सुसंगत रूप से प्रस्तुत करने और ज्ञान एवं पहचान के मध्यस्थ के रूप में भाषा के महत्व को पहचानने में मदद मिलेगी। यह छात्रों को चुनी हुई भारतीय भाषा और अंग्रेजी भाषा की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत से परिचित कराने के साथ–साथ भारतीय भाषा और अंग्रेजी भाषा दोनों सें संबंधित भाषा/साहित्य की संरचना और जटिलता की गहन समझ प्रदान करेगा। ये कोर्स संचार जैसे कौशल के विकास और संवर्धन, और चर्चा एवं वाद विवाद में भाग लेने/संचालन करने की क्षमता पर भी जोर देंगे।

11. कौशल संवर्धन कोर्स (एसईसी):

इन कोर्स का उद्देश्य छात्रों की नियोजनीयता बढ़ाने के लिए व्यावहारिक कौशल, व्यावहारिक प्रशिक्षण, सॉफ्ट स्किल आदि प्रदान करना है। विश्वविद्यालय छात्रों की आवश्यकताओं और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कोर्स तैयार करेगा।

12. सामान्य मूल्यवर्धित कोर्स (वीएसी), सभी स्नातकपूर्व छात्रों के लिए (7 क्रेडिट):

i. **भारत को जाननाः** इस कोर्स का उद्देश्य छात्रों को समकालीन भारत के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, राष्ट्रीय विकास के लक्ष्यों और नीतियों की मूल रूपरेखा, और संवैधानिक मूल्यों तथा मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर विशेष बल देते हुए संवैधानिक दायित्वों के ज्ञान और समझ को अर्जित करने और प्रदर्शित करने में सक्षम बनाना है। यह कोर्स छात्र–शिक्षकों के बीच भारतीय ज्ञान प्रणालियों, भारतीय शिक्षा प्रणाली और सामान्य रूप से राष्ट्र तथा विद्यालय/समुदाय/ समाज के प्रति शिक्षकों की भूमिकाओं और दायित्वों की समझ विकसित करने पर केंद्रित होगा। यह कोर्स भारत के संविधान में निहित मूल्यों को समझने और संजोने में मदद करेगा और उन्हें एक लोकतांत्रिक समाज के प्रभावी नागरिक के रूप में अपनी भूमिकाओं और कर्तव्यों के लिए तैयार करने में सहायक होगा।

ii. **पर्यावरण विज्ञान/शिक्षाः** इस कोर्स का उद्देश्य छात्रों को अर्जित ज्ञान, कौशल, दृष्टिकोण और मूल्यों को लागू करने की क्षमता से लैस करना है ताकि वे पर्यावरणीय अवनति, जलवायू परिवर्तन और प्रदूषण के प्रभावों को कम करने, प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक विविधता के संरक्षण, जैविक संसाधनों के प्रबंधन, वन और वन्यजीव संरक्षण, सतत विकास और जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठा सकें। यह कोर्स भारत के पर्यावरण, उसकी समग्रता, अंतःक्रियात्मक प्रक्रियाओं और लोगों के जीवन की भविष्य की गुणवत्ता पर उसके प्रभावों के बारे में ज्ञान और समझ को भी गहन करेगा।

iii. **डिजिटल और तकनीकी समाधानः** इस कोर्स के अन्तर्गत अत्याधुनिक क्षेत्रों में तेजी से प्रमुखता प्राप्त कर रहे हैं विषय जैसे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), 3D मशीनिंग, बिग डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग, ड्रोन टेक्नोलॉजीज और डीप लर्निंग, स्वास्थ, पर्यावरण और टिकाऊ जीवन के लिए महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के साथ, जिन्हें युवाओं की नियोजनीता बढ़ाने के लिए स्नातकपूर्व शिक्षा में सम्मिलित किया जाएगा।

iv. **स्वास्थ एवं कल्याण, योग शिक्षा, खेल और फिटनेसः** यह कोर्स स्वास्थ से संबंधित घटक–व्यक्ति के शारीरिक, भावनात्मक, बौद्धिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय

कल्याण की इष्टतम स्थिति को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। खेल और फिटनेस गतिविधियॉ नियमित विश्वविद्यालय समय–सारणी के बाहर आयोजित की जाएँगी। योग शिक्षा छात्रों को उनकी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक क्षमताओं के एकीकरण के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करने और उन्हें अपने व्यक्तित्व के बारे में बुनियादी ज्ञान से लैस करने, आत्म–अनुशासन और आत्मनियंत्रण बनाए रखने, जीवन की सभी परिस्थितियों मे खुद को संभालना सीखने पर केंद्रित होगी। कोर्स का उद्देश्य खेल और फिटनेस घटकों का ध्यान शारीरिक फिटनेस जैसे शक्ति, गति, समन्वय, सहनशक्ति और लचीलेपन में सुधार; मोटर कौशल सहित खेल कौशल के अधिग्रहण के साथ साथ किसी विशेष खेल से संबंधित बुनियादी गति कौशल; सामरिक क्षमताओं में सुधार; और मानसिक क्षमताओं में सुधार पर होगा।

विश्वविद्यालय आवश्यकतानुसार विषय से संबंधित या सभी स्नातकपूर्व कार्यक्रमों के लिये समान अन्य नवीन मूल्यवर्धित कार्यक्रम शुरू करेगा।

13. भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस):

आईकेएस से संबंधित कोर्स को सिलेबस में सम्मिलित किया जावेगा।

अ. आईकेएस से संबंधित विषय सभी स्नातकपूर्व कोर्स का अभिन्न अंग होंगे।

ब. आईकेएस में लिये जाने वाले क्रेडिट, चार वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम में कुल अनिवार्य क्रेडिट के 5 प्रतिशत होंगे। आईकेएस को आबंटित क्रेडिट का 50 प्रतिशत मुख्य विषयगत और बहुविषयक कोर्स को आबंटित किया जायेगा। एक छात्र आईकेएस के किसी भी विषय/विषय में इंटर्नशिप/प्रशिक्षुता का विकल्प चुन सकता है।

स. इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय स्नातकपूर्व कार्यक्रम के पहले चार सेमेस्टर के दौरान आईकेएस पर आधारित फाउंडेशन कोर्स में एक/दो पेपर का आयोजन सुनिश्चित करेगा, जिसमें मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम (व्हीएसी) के एक भाग के रूप मे क्रमशः तीन वर्षीय/चार वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम के लिए न्यूनतम तीन/चार क्रेडिट के होंगे।

द. आईकेएस के अंतर्गत पाठ्यक्रमों को चयनित विषयों/बहुविषयों में फाउंडेशनल कोर्स, आईकेएस के लिए विशिष्ट/और वैकल्पिक कोर्स, (विषय विशिष्ट) में वर्गीकृत किया जाएगा।

i. **आधारभूत कोर्स:** इसमें आईकेएस का आधारभूत ज्ञान सम्मिलित होगा और जिसमें भारतीय साहित्य, संस्कृति, खगोल विज्ञान, कला और शिल्प, वास्तुकला, संगीत आदि का बुनियादी ज्ञान सम्मिलित होगा।

ii. **ऐच्छिक कोर्स (विषय–विशिष्ट):** इस पाठ्यक्रम में भारतीय गणित और भारतीय खगोल विज्ञान जैसे विशिष्ट विषयों से संबंधित उन्नत ज्ञान सम्मिलित होगा। यह प्रमुख विषय का हिस्सा होगा।

14. ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप (3 क्रेडिट):

नवीन स्नातकपूर्व कार्यक्रम का एक प्रमुख पहलू छात्रों को वास्तविक कार्य स्थितियों से परिचित कराना है। सभी छात्रों को ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान किसी फर्म, उद्योग या संगठन में इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप या विश्वविद्यालय या अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों/शोध संस्थानों में संकाय और शोधकर्ताओं के साथ प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षण लेना आवश्यक होगा। छात्रों को स्थानीय उद्योग, व्यावसायिक संगठनों, स्वास्थ्य और संबद्ध क्षेत्रों, स्थानीय निकायों (जैसे पंचायत और नगर

. पालिका), संसद या निर्वाचित प्रतिनिधियों, मीडिया संगठनों, कलाकारों, शिल्पकारों और विभिन्न प्रकार के संगठनों के साथ इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएँगे ताकि छात्र अपनी रोजगार क्षमता को और बेहतर बनाने के लिए अपने सीखने के व्यावहारिक पक्ष में सक्रिय रूप से शामिल हो सकें। जो छात्र पहले दो सेमेस्टर के बाद निकास चाहता है, उसे स्नातकपूर्व प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए गर्मियों के दौरान 4–क्रेडिट की कार्य–आधारित शिक्षा/इंटर्नशिप करनी होगी।

15. सामुदायिक वचनबद्धता और सेवा:

सामुदायिक वचनबद्धता और सेवा का पाठ्यक्रम घटक छात्रों को समाज के सामाजिक–आर्थिक मुद्दों से परिचित कराने का प्रयास करेगा ताकि सैद्धांतिक शिक्षा को वास्तविक जीवन के अनुभवों से पूरक बनाया जा सके और वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान खोजे जा सकें। यह ग्रीष्मकालीन सत्र की गतिविधि का हिस्सा हो सकता है या विश्वविद्यालय द्वारा तय किए जाने वाले प्रमुख विषय के आधार पर किसी मेजर या माइनर पाठ्यक्रम का हिस्सा हो सकता है।

16. क्षेत्र–आधारित शिक्षण/माइनर प्रोजेक्ट:

क्षेत्र–आधारित शिक्षण/माइनर प्रोजेक्ट छात्रों को विभिन्न सामाजिक–आर्थिक संदर्भों को समझने के अवसर प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य छात्रों को ग्रामीण और शहरी दोनों परिवेशों में विकास संबंधी मुद्दों से परिचित कराना है। यह छात्रों को ग्रामीण और शहरी संदर्भों में स्थितियों का अवलोकन करने और सामाजिक–आर्थिक विकास से संबंधित मुद्दों के संबंध में वास्तविक क्षेत्रीय स्थितियों का अवलोकन और अध्ययन करने का अवसर भी प्रदान करेगा। छात्रों को विकास प्रक्रिया को दिशा देने वाली नीतियों, नियमों और विनियमों, संगठनात्मक संरचनाओं, प्रक्रियाओं और कार्यक्रमों की प्रत्यक्ष समझ और ज्ञान प्राप्त करने के अवसर प्रदान किए जाएँगे। उन्हें समुदाय की जटिल सामाजिक–आर्थिक समस्याओं और पहचानी गई समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक नवाचारों को समझने का अवसर मिलेगा। यह ग्रीष्मकालीन सत्र परियोजना का हिस्सा हो सकता है या विश्वविद्यालय द्वारा तय किए जाने वाले प्रमुख विषय के आधार पर किसी मेजर या माइनर पाठ्यक्रम का हिस्सा हो सकता है।

17. शोध परियोजना/शोध प्रबंध (12 क्रेडिट) :

चार वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री (शोध के साथ ऑनर्स) का चयन करने वाले छात्रों को किसी संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में शोध परियोजनाएं शुरू करनी होगी। छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे आठवें सेमेस्टर में शोध परियोजना पूर्ण कर लें। उनके परियोजना कार्य के शोध परिणाम समकक्ष–समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित किए जा सकते हैं या सम्मेलनों/सेमिनारों में प्रस्तुत किए जा सकते हैं या पेटेंट कराए जा सकते हैं।

स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए उद्योग में शिक्षार्थी/छात्र द्वारा अर्जित प्रासंगिक अनुभव और व्यावसायिक स्तर और प्राप्त दक्षता स्तर (शैक्षणिक ग्रेड/कौशल–आधारित कार्यक्रम पूरा करने के बाद) सहित प्रासंगिक अनुभवात्मक शिक्षा के आधार पर उम्मीदवार द्वारा अर्जित क्रेडिट की गणना का सिद्धांत नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

प्रासंगिक अनुभव/दक्षता के लिए क्रेडिट असाइनमेंट

अनुभव सह प्रवीणता का स्तर	प्रासंगिक अनुभवात्मक शिक्षा का विवरण जिसमें प्रासंगिक अनुभव और अर्जित व्यावसायिक स्तर और प्रवीणता स्तर प्राप्त करना शामिल है	वेटेज / गुणन कारक	अनुभव के वर्षों की संख्या (केवल सांकेतिक)
(1)	(2)	(3)	(4)
प्रशिक्षित/योग्यता प्राप्त	कोई छात्र जिसने कोर्स वर्क/ शिक्षा/ प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है और उसे किसी विशेष कार्य या गतिविधि के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया गया है।	1	1 वर्ष से कम या उसके बराबर
निपुण	निपुण का अर्थ किसी विशेष पेशे, कौशल या ज्ञान में उन्नति का स्तर होना।	1.33	1 से अधिक किन्तु 4 से कम या उसके बराबर
विशेषज्ञ	विशेषज्ञ का अर्थ है किसी व्यापार या पेशे में उच्च स्तर का ज्ञान और अनुभव का होना।	1.67	4 से अधिक किन्तु 7 से कम या उसके बराबर
मास्टर	मास्टर वह व्यक्ति है जिसके पास किसी विषय/डोमेन का असाधारण कौशल या ज्ञान होता है।	2	7 से अधिक

18. अन्य गतिविधियाँ:

इस घटक में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), युवा रेड क्रॉस, वयस्क शिक्षा/साक्षरता पहल, स्कूली छात्रों को मार्गदर्शन और अन्य समान गतिविधियों से संबंधित गतिविधियों में भागीदारी शामिल होगी।

19. व्यापक मुक्त ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी)

एमओओसी, शिक्षार्थियों को वैकल्पिक माध्यमों (ऑफलाइन, ओडीएल, ऑनलाइन शिक्षण और हाइब्रिड मोड) में बदलने की सुविधा प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय, यूजीसी से प्राप्त दिशानिर्देशों/सिफारिशों के अनुसार, स्वयं/एनपीटीईएल या यूजीसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित किसी कार्यक्रम के एक सेमेस्टर में प्रस्तावित कुल कोर्स/क्रेडिट इकाइयों के 40 प्रतिशत तक की अनुमति देगा।

विश्वविद्यालय एमओओसी–आधारित पाठ्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश विकसित करेगा। ये दिशानिर्देश कोर्स का चयन, क्रेडिट स्थानांतरण और अन्य प्रासंगिक पहलुओं की प्रक्रिया को रेखांकित करेंगे ताकि पाठ्यक्रम में एमओओसी का सुचारू एकीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

20. स्नातकपूर्व कार्यक्रम के लिए संरचनाएँ: सेमेस्टर प्रणाली:

3–वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम/4–वर्षीय स्नातकपूर्व ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च के लिए डिजाइन किए गए पाठ्यक्रम में, छात्रों को **तालिका 1** के अनुसार आवश्यक न्यूनतम क्रेडिट इकाइयों को पूर्ण करने के पश्चात् प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री अर्जित करने के साथ कार्यक्रम में एकाधिक बार निकास और प्रवेश के अवसर मिलते हैं।

*40 क्रेडिट (स्तर 4.5 जिन्हें स्नातकपूर्व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा) या 80 क्रेडिट (स्तर 5, जिन्हें स्नातकपूर्व डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा) प्राप्त करने के बाद कार्यक्रम से बाहर निकलने वाले छात्रों को ग्रीष्मकालीन सत्र या औद्योगिक इंटर्नशिप/प्रशिक्षुता के दौरान पेश किए जाने वाले कार्य/डोमेन आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में 4 अतिरिक्त क्रेडिट भी प्राप्त करने होंगे।

4–वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री कार्यक्रम को एक पसंदीदा विकल्प माना जाता है क्योंकि यह छात्र की पसंद के अनुसार चयन किये गये मेजर और माइनर विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की पूरी श्रृंखला का अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगा (तालिका–IIA और तालिका–IIB)

तालिका IIA: प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकता

स.क.	कोर्स की श्रेणी	न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकता	
		3 वर्षीय स्नातकपूर्व पाठ्यक्रम	4 वर्षीय स्नातकपूर्व पाठ्यक्रम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	मेजर (कोर) कोर्स	60 (50%)	80 (50%)
2	माइनर (वैकल्पिक) कोर्स	24	32
3	बहुविषयक/अंतर–विषयक/संबद्ध कोर्स	09	09
4	एईसी (क्षमता संवर्धन कोर्स)	08	08
5	एसईसी (कौशल संवर्धन कोर्स)	09	09
6	भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) सहित वीएडी (मूल्य वर्धित कोर्स)	07	07
7	समर इंटर्नशिप	03	03
8	शोध प्रबंध/(शोध परियोजना)		12*
	कुल क्रेडिट	**120**	**160**

नोटः– ऑनर्स छात्र जो शोध परियोजना नहीं कर रहे हैं, उन्हें शोध परियोजना/शोध प्रबंध के स्थान पर 12 क्रेडिट के तीन कोर्स करने होंगे।

तालिका IIB: –स्नातकपूर्व पाठ्यक्रम के क्रेडिट का सेमेस्टर–वार और व्यापक पाठ्यक्रम श्रेणी–वार वितरण:

सेमेस्टर	डिसिप्लीन विशिष्ट पाठ्यक्रम (कोर)	माइनर	अंतर – विषयक कोर्स	क्षमता संवर्धन कोर्स (भाषा)	कौशल संवर्धन कोर्स / इंटर्नशिप / शोध प्रबंध	सामान्य मूल्य संवर्धित कोर्स	कुल क्रेडिट
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
I	(100 स्तर)	(100 स्तर)	(1 कोर्स)	(1 कोर्स)	(1 कोर्स)	(1 या 2 कोर्स)	20
II	(100 स्तर)	(100 स्तर)	(1 कोर्स)	(1 कोर्स)	(1 कोर्स)	(1 या 2 कोर्स)	20
	40 क्रेडिट प्राप्त करने के बाद कार्यक्रम से बाहर निकलने वाले छात्र को संबंधित डिसिप्लीन/विषय में स्नातकपूर्व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, बशर्ते कि उसने स्तर 45 पूर्ण करने के लिए अर्जित 40 क्रेडिट के अतिरिक्त न्यूनतम 4 क्रेडिट का कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम पूरा किया हो।						40
III	(200 स्तर)	(200 और अधिक)	(1 कोर्स)	(1 कोर्स)	(1 कोर्स)	-	20
IV	(200 स्तर)	(200 और	-	(1 कोर्स)	-		20
	80 क्रेडिट प्राप्त करने के बाद कार्यक्रम से बाहर निकलने वाले छात्र को संबंधित डिसिप्लीन/विषय में स्नातकपूर्व डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा, बशर्ते कि वह प्रथम वर्ष या द्वितीय वर्ष की ग्रीष्मकालीन अवधि के दौरान पेश किए गए कौशल आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अतिरिक्त 4 क्रेडिट प्राप्त करे।						80
V	(300 स्तर)	(200 और अधिक)	-	-	(इंटर्नशिप)	-	20
VI	(300 स्तर)	(200 और अधिक)	-	-	-	-	20
	जो छात्र 3–वर्षीय यूजी कार्यक्रम करना चाहते हैं, उन्हें 120 क्रेडिट प्राप्त करने पर संबंधित डिसिप्लीन/विषय में स्नातकपूर्व डिग्री प्रदान की जाएगी।						120
VII	(400 स्तर)	(300 और अधिक)	-	-	-	-	20
VIII	(400 स्तर)	(300 और अधिक)	-	-	(अनुसंधान परियोजना/ शोधप्रबंध)	-	20
	किसी छात्र को संबंधित डिसिप्लीन/विषय में शोध के साथ स्नातकपूर्व डिग्री (ऑनर्स) प्रदान की जाएगी, बशर्ते कि वह 160 क्रेडिट प्राप्त कर लिए हो।						160

नोट:

क) प्रत्येक सेमेस्टर में कॉलम (8) में उल्लिखित क्रेडिट की कुल संख्या न्यूनतम है। विश्वविद्यालय न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रत्येक कोर्स (जैसे, मेजर, माइनर, बहु–विषयक, आदि) के लिए क्रेडिट की संख्या निर्धारित कर सकता है। विश्वविद्यालय आवश्यकतानुसार अतिरिक्त 10: क्रेडिट प्रदान कर सकता है।

ख) छात्रों को, विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित, अपनी पसंद के कोर्स का ऑडिट करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते वे कोर्स की पूर्व–आवश्यकताएँ पूरी करते हों।

ग) किसी छात्र को किसी विषय में स्नातकपूर्व की डिग्री प्राप्त करने के लिए उस विषय में कुल क्रेडिट का कम से कम 50 प्रतिशत अर्जित करना होगा।

घ) माइनर स्ट्रीम कोर्स का स्तर 300 या उससे अधिक हो सकता है। माइनर विषयों के कुल क्रेडिट का 50 प्रतिशत संबंधित विषय/डिसिप्लीन में प्राप्त किया जाना चाहिए और माइनर विषयों के कुल क्रेडिट का अन्य 50 प्रतिशत छात्र की पसंद के अनुसार किसी भी डिसिप्लीन (बहुविषयक) से अर्जित किया जा सकता है।

ङ) छात्रों को अंतःविषय श्रेणी के अंतर्गत स्तर 4/कक्षा XII में अध्ययन किए गए समान कोर्स लेने की अनुमति नहीं है।

च) किसी भी श्रेणी में 40 प्रतिशत क्रेडिट मौजूदा यूजीसी विनियमन के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से अर्जित किए जा सकते हैं।

छ) आठवें सेमेस्टर का मुख्य विषय सेमिनार–आधारित होगा जिसमें छात्रों की प्रस्तुतियाँ और चर्चाएँ सम्मिलित होंगी।

ज) छात्रों को एनएसएस/एनसीसी/यूथ रेड क्रॉस आदि जैसी गतिविधियों में नामांकन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

21. स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों की संरचनाः

2–वर्षीय पीजी कार्यक्रम के लिएः 3–वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम के बाद 2–वर्षीय पीजी कार्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्र (i) तीसरे और चौथे सेमेस्टर में केवल पाठ्यक्रम कार्य या (ii) तीसरे सेमेस्टर में कोर्स वर्क और चौथे सेमेस्टर में शोध या (iii) तीसरे और चौथे सेमेस्टर में केवल शोध करने का विकल्प चुन सकते हैं।

1–वर्षीय पीजी कार्यक्रम के लिएः 4–वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम के बाद 1–वर्षीय पीजी में प्रवेश लेने वाले छात्र (i) केवल पाठ्यक्रम या (ii) शोध या (iii) पाठ्यक्रम और शोध में से कोई एक चुन सकते हैं।

5–वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (यूजी+पीजी) के लिएः पीजी स्तर पर, 5–वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम का पाठ्यक्रम घटक ऊपर उल्लिखित 2–वर्षीय पीजी कार्यक्रम के समान होगा।

क्रेडिट वितरणः

अ) 1 वर्षीय पीजी के लिए

पाठ्यचर्या का घटक	4 वर्षीय स्नातकपूर्व (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) के लिए पीजी पाठ्यक्रम (एक वर्ष) न्यूनतम क्रेडिट			
	कोर्स लेवल	कोर्स वर्क	रिसर्च थीसिस/प्रोजेक्ट/पेटेंट	कुल क्रेडिट
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
कोर्स वर्क + रिसर्च	500	20	20	40
कोर्स वर्क	500	40	---	40
रिसर्च	-	-	40	

ब.) 2–वर्षीय पीजी के लिए

पाठ्यचर्या का घटक		दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम (सामान्य और व्यावसायिक) न्यूनतम क्रेडिट			
		कोर्स लेवल	कोर्स वर्क	रिसर्च थीसिस/प्रोजेक्ट/पेटेंट	कुल क्रेडिट
(1)		(2)	(3)	(4)	(5)
पीजी डिप्लोमा		400	40	--	40
प्रथम वर्ष (प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर)		400 500	24 16	--	40
प्रथम वर्ष के अंत में निकास करने वाले छात्रों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा					
द्वितीय वर्ष (तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर)	कोर्सवर्क और अनुसंधान	500	20	20	40
	कोर्स वर्क (या)	500	40	--	40
	शोध	--	--	40	40

निकास बिंदुः

दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वालों के लिए केवल एक निकास बिंदु होगा। प्रथम वर्ष के अंत में निकास करने वाले छात्रों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

स्नातकोत्तर कार्यक्रम में चुने गए विषय से संबंधित व्यावसायिक पाठ्यक्रम शामिल होंगे।

22. कोर्स के स्तरः

कोर्स को सीखने के परिणामों, कठिनाई के स्तर और शैक्षणिक कठोरता के आधार पर संकेतिकरण किया जाएगा। संकेतिकरण का संरचना इस प्रकार हैः

i. **0–99:** एक परिचयात्मक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आवश्यक पूर्व–आवश्यक पाठ्यक्रम, जो बिना किसी क्रेडिट के उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण पाठ्यक्रम होगा। यह कुछ कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में संचालित ब्रिज कोर्स की मौजूदा अनौपचारिक पद्धति का स्थान लेगा।

ii. **100–199:** आधारभूत या परिचयात्मक कोर्स जिनका उद्देश्य छात्रों को विषयों के बारे में समझ और बुनियादी ज्ञान प्राप्त कराना और रुचि के विषय या डिसिप्लीन को तय करने में सहयोग करना है। ये कोर्स प्रमुख विषय के कोर्स के लिए पूर्वापेक्षाएँ भी हो सकते हैं। ये कोर्स आधारभूत सिद्धांतों, अवधारणाओं, परिप्रेक्ष्य सिद्धांतों, विधियों और आलोचनात्मक सोच की प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि अधिक उन्नत कोर्स को लेने के लिए व्यापक समझ प्रदान की जा सके। ये कोर्स छात्रों को उन्नत अध्ययन के लिए आवश्यक सामान्य शिक्षा से लैस करने, छात्रों को अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों की व्यापकता से परिचित कराने उच्च विशिष्ट उच्च स्तरीय कोर्स के लिए आधार प्रदान करने छात्रों को कला, मानविकी,

सामाजिक विज्ञान और प्राकृतिक विज्ञान में (अंत:) विषयक क्षेत्रों की व्यापकता से परिचित कराने, और व्यावसायिक या पेशेवर क्षेत्रों की ऐतिहासिक और समकालीन मान्यताओं और व्यवहार से परिचित कराने और उच्च स्तरीय कोर्स के लिए आधार तैयार करने का प्रयास करते हैं।

iii. **200–299:** उच्च–स्तरीय कोर्स जिनमें विषय–विशिष्ट कोर्स सम्मिलित हैं, जिनका उद्देश्य शिक्षण के गौण या प्रमुख क्षेत्रों की क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करना है। ये कोर्स किसी प्रमुख विषय का हिस्सा हो सकते हैं और उन्नत–स्तरीय प्रमुख कोर्स के लिए पूर्व–आवश्यक कोर्स हो सकते हैं।

iv. **300–399:** उच्च–स्तरीय पाठ्यक्रम जो डिग्री प्रदान करने के लिए अध्ययन के किसी डिसिप्लीन/अंतर्विषयक क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने हेतु आवश्यक हैं।

v. **400–499:** उन्नत कोर्स जिनमें स्नातक स्तर पर प्रैक्टिकम के साथ व्याख्यान कोर्स, सेमिनार–आधारित कोर्स, टर्म पेपर, शोध परियोजनाएँ, व्यावहारिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप/प्रशिक्षुता परियोजनाएँ या स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के सैद्धांतिक और व्यावहारिक कोर्स सम्मिलित होंगे।

vi. **500–599:** 2–वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए प्रथम वर्ष के स्नातकोत्तर डिग्री स्तर पर कोर्स।

vii. **600–699:** 2–वर्षीय स्नातकोत्तर या 1–वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के दूसरे वर्ष के लिए कोर्स।

viii. **700–799 और उससे अधिक:** कोर्स डॉक्टरेट छात्रों तक सीमित।

23. स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए प्रवेश पथ:

क) छात्रों को 2 वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें 3 वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम पूर्ण करने वाले छात्रों के लिए दूसरा वर्ष पूरी तरह से शोध के लिए समर्पित होगा।

ख) ऑनर्स/रिसर्च के साथ 4 वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम पूर्ण करने वाले छात्रों को 1 वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश दिया जा सकता है।

ग) कोई भी छात्र अपने यूजी कार्यक्रम में लिए गए मेजर या माइनर विषय में पीजी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र है।

घ) यूजी कार्यक्रम में छात्र द्वारा लिए गए मेजर या माइनर विषय के बावजूद, कोई भी छात्र पीजी कार्यक्रम के किसी भी विषय में प्रवेश के लिए पात्र है, यदि छात्र पीजी कार्यक्रम के विषय में राष्ट्रीय स्तर या विश्वविद्यालय स्तर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करता है।

ङ.) जिन अभ्यर्थियों ने 4 वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम या 3 वर्षीय स्नातकपूर्व और 2 वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम या एसटीईएम (STEM) विषयों में 5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (यूजी + पीजी) पूर्ण कर लिया है, वे संबद्ध क्षेत्रों में एम.ई., एम.टेक. में प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

च) विश्वविद्यालय निर्दिष्ट विषयों/कार्यक्रम में एक एकीकृत पांच वर्षीय स्नातक कार्यक्रम भी संचालित करेगा।

प्रवेश 5: स्तर 6.5 के लिए प्रवेश आवश्यकता है–

क) एक वर्षीय/दो सेमेस्टर के स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के लिए स्नातकपूर्व डिग्री (ऑनर्स/शोध)।

ख) दो वर्षीय/चार सेमेस्टर के स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के लिए स्नातकपूर्व डिग्री।

ग) एक वर्षीय/दो सेमेस्टर के स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए स्नातकपूर्व डिग्री।

घ) स्नातकोत्तर डिग्री और स्नातकोत्तर डिप्लोमा हेतु अध्ययन कार्यक्रम उन लोगों के लिए खुला है जिन्होंने कार्यक्रम प्रवेश नियमों में निर्दिष्ट योग्यता स्तरों सहित प्रवेश आवश्यकताओं को पूर्ण किया है। अध्ययन कार्यक्रम में प्रवेश, आवेदक की किसी विशिष्ट क्षेत्र में स्नातकोत्तर अध्ययन करने की क्षमता के दस्तावेजी साक्ष्य (शैक्षणिक रिकॉर्ड सहित) के मूल्यांकन पर आधारित होगा।

निकास 5: स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए–दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश लेने वालों के लिए केवल एक निकास बिंदु उपलब्ध होगा, जो कि स्नातकोत्तर कार्यक्रम के पहले वर्ष के अंत में होगा। पहले वर्ष के बाद निकास करने वाले छात्रों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

24. स्नातकोत्तर कार्यक्रम की क्रेडिट आवश्यकताएँ:

क) ऑनर्स के साथ स्नातकपूर्व डिग्री/शोध के साथ ऑनर्स के बाद एक वर्षीय/दो सेमेस्टर के स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में उन व्यक्तियों के लिए 40 क्रेडिट की आवश्यकता होगी जिन्होंने ऑनर्स के साथ स्नातकपूर्व डिग्री/शोध के साथ ऑनर्स पूरी कर ली है।

ख) स्नातकपूर्व डिग्री के बाद दो वर्षीय/चार सेमेस्टर के स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में कार्यक्रम के दोनों वर्षों में कुल 80 क्रेडिट की आवश्यकता होगी, जिसमें स्तर 7 पर पहले वर्ष में 40 क्रेडिट और कार्यक्रम के दूसरे वर्ष में 40 क्रेडिट होंगे।

ग) स्नातकपूर्व की डिग्री के बाद एक वर्षीय/दो सेमेस्टर का स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम, जिसमें स्नातक की डिग्री पूरी कर चुके व्यक्तियों के लिए 40 क्रेडिट की आवश्यकता होगी।

*एक छात्र को केवल विषम सेमेस्टर में ही प्रवेश/पुनः प्रवेश की अनुमति होगी और वह केवल सम सेमेस्टर के बाद ही निकास कर सकता है। शैक्षणिक कार्यक्रम में पार्श्व प्रवेशकों के रूप में विभिन्न स्तरों पर पुनः प्रवेश अर्जित क्रेडिट और दक्षता परीक्षा रिकॉर्ड के आधार पर होगा।

*अर्जित क्रेडिट की वैधता अधिकतम 7 वर्ष की अवधि तक या एबीसी द्वारा निर्दिष्ट अवधि तक होगी। अर्जित क्रेडिट जमा करने, उसकी शेल्फ लाइफ, क्रेडिट के मोचन की प्रक्रिया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का (उच्चतर शिक्षा में एकेडमिक क्रेडिट्स बैंक की स्थापना और संचालन) विनियम, 2021 के अनुसार होगी।

25. तकनीकी कार्यक्रमों की अवधि, प्रवेश स्तर की योग्यताएँ और वैधानिक आरक्षण के मानदंड:

प्रत्येक निकास के बाद छात्रों को रोजगार योग्य बनाने के लिए, संबंधित नियामक निकाय/विश्वविद्यालय/तकनीकी बोर्ड, जैसा भी मामला हो, द्वारा कार्यक्रम के प्रथम वर्ष से ही संबंधित विषयों में कौशल में उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ कौशल घटक को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जावेगा। प्रथम वर्ष के अंत में निकास की अनुमति देते समय, संस्थान तकनीकी संचार और कम्प्यूटर दक्षता (डेटा एंट्री आदि), सिविल/मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैनशिप, इलेक्ट्रिकल रखरखाव आदि पर अनिवार्य कौशल पाठ्यक्रम मॉड्यूल निर्धारित कर करेगा।

स.क्र.	अकादमिक स्तर	प्रवेश स्तर पात्रताएँ	निकासी स्तर पात्रताएँ	एनसीआरएफ स्तर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	10वीं कक्षा		10वीं कक्षा	3.0
2	डिप्लोमा प्रथम वर्ष	10वीं कक्षा पास	अभ्यर्थी 10+1 वर्ष के प्रमाण–पत्र के साथ निकास करता है: वोकेशन का प्रमाण पत्र (सी. वोक.)	3.5
3 अ	12वीं कक्षा	11वीं कक्षा उत्तीर्ण	12वीं कक्षा	4.0
3 ब	डिप्लोमा द्वितीय वर्ष	अभ्यर्थी 10+1 वर्ष का डिप्लोमा (C. Voc.) या समकक्ष व्यवसायिक प्रशिक्षण (स्तर 3.5) या 12वीं कक्षा पास	अभ्यथी 10+2 वर्ष के साथ व्यावसाय डिप्लोमा के साथ निकास करता है। (डी. वोक)	4.0
4 अ	डिप्लोमा तृतीय वर्ष	अभ्यर्थी 10+2 वर्ष का डिप्लोमा (D. Voc.) या समकक्ष व्यवसायिक प्रशिक्षण (स्तर 4) या 12वीं कक्षा पास (स्तर 4)	इंजीनियरिंग में डिप्लोमा	4.5
4 ब	स्नातकपूर्व डिग्री का प्रथम वर्ष	अभियांत्रिकी/स्नातकपूर्व प्रमाण–पत्र /समकक्ष व्यावसायिक या प्रशिक्षण की उपयुक्त शाखा में डिप्लोमा के साथ अभ्यर्थी। (स्तर 4)	स्नातकपूर्व प्रमाणपत्र	4.5
5	स्नातकपूर्व डिग्री का द्वितीय वर्ष	अभियात्रिकी की उपयुक्त शाखा में डिप्लोमा/स्नातकपूर्व प्रमाण–पत्र / समकक्ष व्यवसायिक या तकनीकी कार्यक्रम के अभ्यर्थी (स्तर 4.5)	इंजीनियरिंग में स्नातकपूर्व डिप्लोमा	5.0
6	स्नातकपूर्व डिग्री का तृतीय वर्ष	10+3+1/12+2/ उपयुक्त डोमेन के इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के अभ्यर्थी (स्तर 5)	बी.वोक./बी.एससी	(इंजीनियरिंग)/ स्नातकपूर्व डिग्री
7	स्नातकपूर्व डिग्री का अंतिम वर्ष	वोकेशन में 3 वर्ष की बैचलर डिग्री/ बी.एससी (इंजीनियरिंग)/ स्नातकपूर्व डिग्री के अभ्यर्थी (स्तर 5.5)	बी.ई/बी.टेक./स्नातकपूर्व	स्नातकपूर्व डिग्री (ऑनर्स)
8	स्नातकोत्तर डिग्री का प्रथम वर्ष	4 वर्ष की बैचलर डिग्री के अभ्यर्थी (स्तर 6.0)	स्नातकोत्तर डिप्लोमा/एम.वोक.	6.5
9	स्नातकोत्तर डिग्री का अंतिम वर्ष	उपयुक्त क्षेत्र में 1 वर्ष का स्नातकोत्तर डिग्री / स्नातकोत्तर डिप्लोमा/एम.वोक. के अभ्यर्थी (स्तर 6.5)	एम.टेक./स्नातकोत्तर डिग्री (इंजीनियरिंग)/स्नातकोत्तर डिग्री	7.0
10	पीएच. डी/फेलो प्रोग्राम	बी.टेक. में 75% अंक या समकक्ष सीजीपीए/स्नातकोत्तर के अभ्यर्थी	डॉक्टरेट	8.0

26. इंजीनियरिंग में स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्कः

इंजीनियरिंग में यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) के अन्तर्गत बी.टेक. पाठ्यक्रम के दूसरे वर्ष के बाद निकास करने वाले छात्रों को आईटी/हार्डवेयर नेटवर्किंग/मेटलैब या शाखा–विशिष्ट कौशल मॉड्यूल पर दक्षता प्राप्त करना होगा। बी.टेक. के तीसरे और चौथे वर्ष की पाठ्यक्रम संरचना पहले से ही इंजीनियरिंग–विशिष्ट है, तीन साल के पश्चात निकास करने वाले छात्रों को यूजी डिग्री/बी.वोक./बी.एससी. (इंजी.) प्रदान की जावेगी।

डिप्लोमा छात्रों को, जो पहले वर्ष के बाद निकास करते हैं, व्यवसाय प्रमाणपत्र (सी.वोक.) और द्वितीय वर्ष के बाद निकास करने वाले छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण प्रमाणपत्र (आईटीसी)/व्यवसाय डिप्लोमा प्रदान की जावेगी।

प्रत्येक प्रवेश स्तर पर, विश्वविद्यालय शैक्षिक अंतराल/कौशल अंतराल की पहचान कर उपयुक्त ब्रिज कोर्स की व्यवस्था की जावेगी।

संबंधित नियामक निकायों के द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशो के अनुसार विशेषज्ञता का निर्धारण होगा।

27. उपस्थितिः

उपस्थिति की आवश्यकता परीक्षाओं को नियंत्रित करने वाले विश्वविद्यालय अध्यादेश के अनुसार होगी। सामान्यतः, अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में बैठने के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम में कम से कम पचहत्तर प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी।

लंबी बीमारी जैसे विशेष कारणों से, प्रत्येक पाठ्यक्रम में उपस्थिति के प्रतिशत में कमी को कुलपति द्वारा माफ किया जा सकता है।

28. परीक्षा एवं मूल्यांकनः

मूल्यांकन सतत आकलन पर आधारित होगा, जो कि अंतिम ग्रेड सत्रीय कार्य और अंतिम परीक्षा के प्रदर्शन पर आधारित होगा। सत्रीय कार्य में कक्षा परीक्षाएँ, मध्य–सेमेस्टर परीक्षाएँ, गृहकार्य आदि सम्मिलित होंगे, जैसा कि अध्ययन पाठ्यक्रम के संकाय प्रभारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा। सीखने के परिणामों की प्राप्ति की दिशा में प्रगति का मूल्यांकन निम्नलिखित का उपयोग करके किया जाएगाः समयबद्ध परीक्षाएँ; बंद–पुस्तक और खुली–पुस्तक परीक्षाएँ; समस्या–आधारित सौपा गया कार्य; व्यावहारिक असाइनमेंट; प्रयोगशाला रिपोर्ट; व्यावहारिक कौशल का अवलोकन; व्यक्तिगत परियोजना रिपोर्ट (केस–स्टडी रिपोर्ट); टीम प्रोजेक्ट रिपोर्ट; मौखिक प्रस्तुति सह सेमिनार प्रस्तुति सहित; मौखिक साक्षात्कार; कम्प्यूटरीकृत अनुकूली मूल्यांकन, माँग पर परीक्षा, मॉड्यूलर प्रमाणन, आदि।

प्रत्येक कोर्स एक परीक्षा पेपर के अनुरूप होगा जिसमें बाह्य और आंतरिक मूल्यांकन सम्मिलित होंगे। मेजर, माइनर, ओपन/जेनेरिक और डीएससी (विषय विशेष कोर्स) वोकेशनल, वैल्यू एडेड, एसईसी (कौशल संवर्धन कोर्स) और एबीसी (क्षमता संवर्धन कोर्स) के लिए सेमेस्टर अंत की सैद्धांतिक परीक्षा, विश्वविद्यालय की अकादमिक कॉउंसिल द्वारा अनुमोदित परीक्षा नियमों के माध्यम से प्रख्यापित अवधि अनुसार होगी। सैद्धांतिक/प्रयोगात्मक/ट्यूटोरियल, आंतरिक, बाह्य परीक्षाओं के लिए क्रेडिट संरचना और किसी परीक्षा के कुल अंक, यूजीसी मानदंडों के अनुसार विश्वविद्यालय

की अकादमिक कॉउंसिल द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम संरचना के अनुसार होंगे। छात्रों को अकादमिक कॉउंसिल द्वारा निर्धारित अनुसार, संबंधित कोर्स में उत्तीर्ण घोषित किए जाने के लिए आंतरिक और बाह्य परीक्षाओं में अलग–अलग न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त करने होंगे।

क) मूल्यांकन के माध्यम से प्रत्येक सेमेस्टर के लिए निर्धारित अध्ययन कोर्स के संबंध में अभ्यर्थी के शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेशित छात्रों का मूल्यांकन अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं – कुल अंकों का 70 प्रतिशत और सतत आंतरिक मूल्यांकन – कुल अंकों का 30 प्रतिशत पर आधारित होगा।

ख) अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएँ विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित की जाएँगी और अंतिम सेमेस्टर परीक्षा की अवधि तीन या दो घंटे की होगी।

ग) प्रत्येक सेमेस्टर में कार्यक्रम उत्तीर्ण करने के लिए अंकों का न्यूनतम प्रतिशत अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं और सतत मूल्यांकन सहित प्रत्येक पाठ्यक्रम में 40 प्रतिशत होगा।

घ) प्रत्येक सेमेस्टर में एक कार्यक्रम में क्रेडिट की एक निर्दिष्ट संख्या होगी। छात्र द्वारा संतोषजनक रूप से उत्तीर्ण किए गए ग्रेड अंकों के साथ क्रेडिट की संख्या छात्र के प्रदर्शन का आधार होगा।

इ) सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में निम्नलिखित श्रेणियां होंगी:

i- **उत्तीर्ण** अर्थात् वे छात्र जिन्होंने सेमेस्टर परीक्षा के सभी कोर्स में आंतरिक और बाह्य परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्णता प्राप्त की हो।

ii- **प्रोन्नत (एटीकेटी)**, अर्थात् वे छात्र जिन्होंने किसी विशेष वर्ष में दोनों सेमेस्टर (सम और विषम) सहित न्यूनतम 50 प्रतिशत क्रेडिट अर्जित किए हों या वे छात्र जिन्होंने विषम सेमेस्टर में किसी भी संख्या में क्रेडिट अर्जित किए हों।

iii- **निरुद्ध** अर्थात् वे छात्र जिन्हें उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार प्रोन्नत नहीं किया गया है, उन्हें निरुद्ध किया जाएगा। ऐसे छात्रों को इस अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक क्रेडिट (पहले से अर्जित क्रेडिट को छोड़कर) अर्जित करने के लिए अगले शैक्षणिक सत्र की परीक्षा में उपस्थित होना होगा और उसके बाद ही वे इस अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित अवधि के भीतर कार्यक्रम जारी रख सकते हैं।

च) हालाँकि, किसी भी सेमेस्टर का कोई छात्र जो कम उपस्थिति के कारण परीक्षा में नहीं बैठा है/निलंबित हुआ है/परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया है/आवेदन किया है, लेकिन परीक्षा में उपस्थित नहीं हुआ है, उसे कार्यक्रम से बाहर कर दिया जाएगा। ऐसे छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई/अधिसूचित प्रक्रिया के माध्यम से अगले सत्र में पूर्व–छात्र के रूप में प्रवेश लेना होगा।

29. सतत आंतरिक मूल्यांकन:

क) सतत आंतरिक मूल्यांकन कोर्स के लिए आवंटित कुल अंकों के 30 प्रतिशत अंक होगा।

ख) प्रत्येक कोर्स के लिए सतत आंतरिक मूल्यांकन के घटकों का निर्णय संबंधित विषय के अध्ययन बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

ग) प्रोन्नत (एटीकेटी) छात्रों के मामले में सतत आंतरिक मूल्यांकन को आगे बढ़ाया जाएगा, किसी भी परिस्थिति में प्रोन्नत (एटीकेटी) छात्रों के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करने का कोई प्रावधान नहीं होगा।

30. मूक्स एवं व्यावसायिक कोर्स का मूल्यांकन और ग्रेड पाइंटः

मूक्स, व्यावसायिक कोर्स, फील्ड परियोजनाओं/इंटर्नशिप/प्रशिक्षुता/सामुदायिक सहभागिता और सेवा/अनुसंधान परियोजनाओं के मूल्यांकन और ग्रेड पाइंट के लिए विश्वविद्यालय/SWAYAM पोर्टल/यूजीसी के दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा।

31. अक्षर ग्रेड और ग्रेड पॉइंटः

सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट औसत (एसजीपीए) की गणना किसी दिए गए सेमेस्टर में छात्र के प्रदर्शन के माप के रूप में ग्रेड से की जाती है। एसजीपीए वर्तमान सत्र के ग्रेड पर आधारित होता है, जबकि संचयी जीपीए (सीजीपीए) अध्ययन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लिए गए सभी पाठ्यक्रमों के ग्रेड पर आधारित होता है।

विश्वविद्यालय छात्रों के लाभ के लिए प्रत्येक कोर्स में प्राप्त अंकों और सभी सेमेस्टर में प्राप्त अंकों के आधार पर अंकों के भारित औसत का भी उल्लेख कर सकता है।

तालिका–3 : ग्रेडिंग प्रणाली

अक्षर ग्रेड	ग्रेड पॉइंट	विवरण	अंकों का परास (प्रतिशत)
O	10	अति उत्कृष्ट	>90 से <=100
A+	9	उत्कृष्ट	>80 से <=90
A	8	बहुत अच्छा	>70 से <=80
B+	7	अच्छा	>60 से <=70
B	6	औसत से ऊपर	>50 से <=60
C	5	औसत	>40 से <=50
P	4	उत्तीर्ण	=40
F	0	असफल	<40
Ab	0	अनुपस्थित	Absent

एसजीपीए और सीजीपीए की गणनाः

एसजीपीए और सीजीपीए की गणना यूजीसी की अनुसंशा के अनुसार की जाएगी; सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत (एसजीपीए) और संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (सीजीपीए) की गणना के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगीः

i- एसजीपीए, छात्र द्वारा लिए गए सभी कोर्स में प्राप्त ग्रेड प्वाइंट और क्रेडिट की संख्या के गुणनफल के योग और छात्र द्वारा किए गए सभी कोर्स के क्रेडिट की संख्या के योग का अनुपात है, अर्थात –

$$SGPA\ (S_i) = \Sigma(C_i \times G_i) / \Sigma C_i$$

जहां C_i, i^{th} कोर्स के क्रेडिट की संख्या है और G_i, i^{th} कोर्स में छात्र द्वारा प्राप्त ग्रेड अंक है।

एसजीपीए की गणना के लिए उदाहरण:

सेमेस्टर	कोर्स	क्रेडिट	लेटर ग्रेड	ग्रेड अंक	(क्रेडिट x ग्रेड)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	कोर्स 1	3	A	8	3 X 8 = 24
1	कोर्स 1	4	B^+	7	4 X 7 = 28
1	कोर्स 1	3	B	6	3 X 6 = 18
1	कोर्स 1	3	O	10	3 X 10 = 30
1	कोर्स 1	3	C	5	3 X 5 = 15
1	कोर्स 1	4	B	6	4 X 6 = 24
		20			**139**
					एसजीपीए = 139/20 = 6.95

II- संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (सीजीपीए) की गणना भी उसी प्रकार से की जाती है, जिसमें किसी कोर्स के सभी सेमेस्टरों में छात्र द्वारा किए गए सभी पाठ्यक्रमों को ध्यान में रखा जाता है, अर्थात –

$$CGPA = \Sigma(C_i \times S_i) / \Sigma C_i$$

जहां S_i, i^{th} सेमेस्टर का एसजीपीए है एवं C_i, उक्त सेमेस्टर का कुल क्रेडिट की संख्या है।

CGPA की गणना का उदाहरण:

सेमेस्टर 1	सेमेस्टर 2	सेमेस्टर 3	सेमेस्टर 4
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**
क्रेडिट 20 एसजीपीए 6.9	क्रेडिट 20 एसजीपीए 7.8	क्रेडिट 20 एसजीपीए 5.6	क्रेडिट 20 एसजीपीए 6.0
सीजीपीए = (20 x 6.9 + 20 X 7.8 + 20 X 5.6 + 20 X 6.0)/80 = 6.58			

एसजीपीए और सीजीपीए को 2 दशमलव अंकों तक पूर्णांकित किया जाएगा और प्रतिलेख में दर्ज किया जाएगा। स्नातकपूर्व प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक शर्तें पूर्ण करने पर, सीजीपीए की गणना की जाएगी और यह मान प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री पर दर्शाया जाएगा। 3 वर्षीय (6 सेमेस्टर) स्नातकपूर्व डिग्रियों में तालिका 4 के अनुसार प्राप्त श्रेणी भी दर्शाई जायेगी।

तालिका 4: श्रेणीयों का वितरण

श्रेणी	मानदंड
(1)	(2)
प्रथम श्रेणी विशिष्टता के साथ	छात्र ने 7.50 या उससे अधिक सीजीपीए के साथ डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम क्रेडिट अर्जित किया हैं।
प्रथम श्रेणी	छात्र ने 6.00 या उससे अधिक लेकिन 7.50 से कम सीजीपीए के साथ डिग्री प्रदान करने के लिए आवश्यक न्यूनतम क्रेडिट अर्जित किया हैं।

द्वितीय श्रेणी	छात्र ने 4.50 या उससे अधिक लेकिन 6.00 से कम सीजीपीए के साथ डिग्री प्रदान करने के लिए आवश्यक न्यूनतम क्रेडिट अर्जित किया हैं।
तृतीय श्रेणी	छात्र ने 4.00 या उससे अधिक लेकिन 4.50 से कम सीजीपीए के साथ डिग्री प्रदान करने के लिए आवश्यक न्यूनतम क्रेडिट अर्जित किया हैं।

नोटः– अन्य शैक्षणिक मामलों में इसके अनुप्रयोग को सुगम बनाने के लिए सीजीपीए को प्रतिशत में परिवर्तित करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी।

समतुल्य प्रतिशत = सीजीपीए x 10, प्रतिशत को दूसरे दशमलव बिंदु तक पूर्णांकित किया जाएगा।

उम्मीदवार को प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री तभी प्रदान की जाएगी जब वह प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री के लिए आवश्यक न्यूनतम क्रेडिट सफलतापूर्वक अर्जित कर लेगा।

32. पदोन्नति के नियमः

क. किसी छात्र को प्रथम सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के तुरंत बाद पदोन्नत किया जाएगा और चाहे कितने भी बैक पेपर हों, द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश ले सकता है।

ख. कोई छात्र द्वितीय सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के तुरंत बाद, तृतीय सेमेस्टर में अनंतिम रूप से प्रवेश ले सकता है और उसका प्रवेश निश्चित कर दिया जाएगा और उसे तृतीय सेमेस्टर में पदोन्नत कर दिया जाएगा, बशर्ते उसने प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर दोनों को मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत क्रेडिट अर्जित कर लिए हों।

ग. किसी छात्र को तृतीय सेमेस्टर के तुरंत बाद पदोन्नत किया जाएगा और चाहे कितने भी बैक पेपर हों, चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेश ले सकता है।

घ. किसी छात्र को चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के तुरंत बाद, पाँचवें सेमेस्टर में अनंतिम रूप से प्रवेश ले सकता है और उसका प्रवेश स्थायी हो जाएगा और उसे पाँचवें सेमेस्टर में प्रमोट कर दिया जाएगा, बशर्ते कि उसने तीसरे और चौथे सेमेस्टर दोनों को मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत क्रेडिट अर्जित कर लिए हों। इसके अतिरिक्त, छात्र को पहले और दूसरे सेमेस्टर के सभी पेपर पास करने होंगे।

ङ. किसी छात्र को पाँचवें सेमेस्टर के तुरंत बाद छठे सेमेस्टर में पदोन्नत किया जाएगा और वह किसी भी संख्या में बैक पेपर के साथ में प्रवेश ले सकता है।

च. विषम सेमेस्टर के बैक पेपर की परीक्षा विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ आयोजित की जाएगी, इसी प्रकार सम सेमेस्टर के बैक पेपर की परीक्षा सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ आयोजित की जाएगी।

छ. इसके अलावा, जिन छात्रों ने चौथे सेमेस्टर तक सभी पेपर पास कर लिए हैं, उनके लिए छठे सेमेस्टर के साथ–साथ पाँचवें सेमेस्टर की एक विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी।

ज. अंतिम सेमेस्टर के परिणाम की घोषणा के बाद चौथे सेमेस्टर की एक विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी, केवल छठे सेमेस्टर में बैक पेपर वाले छात्र इस विशेष परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

झ. कोई छात्र छठे सेमेस्टर तक सभी सेमेस्टर पास करने के बाद ही सातवें सेमेस्टर (स्नातकपूर्व के चौथे वर्ष) में प्रवेश ले सकता है।

ञ. किसी छात्र को सातवें सेमेस्टर की परीक्षा के तुरंत बाद प्रमोट किया जाएगा, सातवें सेमेस्टर में बैक पेपरों की संख्या पर ध्यान दिए बिना, 8वें सेमेस्टर (स्नातक के चौथे वर्ष) में अनंतिम रूप से प्रवेश ले सकता है। इसके अलावा, सातवें सेमेस्टर के बैक पेपरों को पास करने के लिए 8वें सेमेस्टर के साथ 7वें सेमेस्टर की एक विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी।

ट. सेमेस्टर परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद 8वें सेमेस्टर की एक विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। 8वें सेमेस्टर में बैक पेपर वाले कोई भी छात्र इस विशेष परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होंगे।

ठ. कोई छात्र चौथे वर्ष के प्रारंभ होने से पहले, निर्धारित तरीके से, इसके लिए आवेदन करके चौथे वर्ष में ऑनर्स कोर्स का चयन कर सकते है। प्रमुख विषय में चार वर्षीय यूजी ऑनर्स डिग्री उन छात्रों को प्रदान की जाएगी जो तालिका 5 के अनुसार 160 क्रेडिट के बराबर या उससे अधिक के साथ चार वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री प्रोग्राम पूर्ण करते हैं।

ड. इसके अलावा, जो छात्र पहले छह सेमेस्टर में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक या समकक्ष 7.5 सीजीपीए प्राप्त करते हैं और स्नातक स्तर पर शोध करना चाहते हैं, वे चौथे वर्ष में शोध विषय चुन सकते हैं। उन्हें संबंधित विभाग के किसी संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में एक शोध परियोजना या शोध प्रबंध करना होगा। शोध परियोजना/शोध प्रबंध मुख्य विषय में होना चाहिए। उनके परियोजना कार्य के शोध परिणाम समकक्ष–समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित किए जा सकते हैं या सम्मेलनों/सेमिनारों में प्रस्तुत किए जा सकते हैं या पेटेंट कराए जा सकते हैं।

ढ. यदि किसी छात्र को निरूद्ध दिया जाता है या उच्च सेमेस्टर में प्रमोट नहीं किया जावेगा, उसे तब तक निरूद्ध किया जाएगा जब तक उसके बैकलॉग पेपर उत्तीर्ण नहीं कर लेते। इसके लिए उसे अगली उपयुक्त परीक्षा में भाग लेना होगा, बशर्ते कि यह परीक्षा कार्यक्रम के लिए निर्धारित अधिकतम अवधि के भीतर पूरी हो जाए। ऐसे छात्रों के सतत आंतरिक मूल्यांकन के अंक उस संबंधित पाठ्यक्रम के लिए आगे बढ़ाए जाएँगे जिसमें वह उपस्थित हो रहा है।

ण. 50 प्रतिशत क्रेडिट की गणना के लिए सैद्धांतिक और प्रायोगिक दोनों पाठ्यक्रमों पर विचार किया जाएगा और 0.5 को पूर्णांकित किया जाएगा।

33. प्रतिलेख जारी करना:

लेटर ग्रेड, ग्रेड पॉइंट और एसजीपीए तथा सीजीपीए में अनुशंसा के आधार पर, विश्वविद्यालय प्रत्येक सेमेस्टर के लिए प्रतिलेख और सभी सेमेस्टरों में प्रदर्शन को दर्शाने वाला एक समेकित प्रतिलेख जारी करेगा।

34. क्रेडिट ट्रान्सफर:

क) क्रेडिट ट्रान्सफर यूजीसी द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई नीति के अनुसार लागू किया जाएगा।

ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा में अकादमिक क्रेडिट बैंक की स्थापना एवं संचालन) विनियम, 2021 के तहत स्थापित अकादमिक क्रेडिट बैंक के सदस्य संस्थान,

समय–समय पर संशोधित इस विनियम के प्रावधानों के अनुसार क्रेडिट स्वीकार और स्थानांतरित किया जा सकेगा।

ग) प्रावधिक पदोन्नति के प्रकरणों को छोड़कर, विश्वविद्यालय छात्रों को क्रेडिट ट्रान्सफर की सुविधा प्रदान करेगा। हालाँकि, छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए कोर्स के लिए कुछ पात्रता मानदंडों को पूरा करना आवश्यक होगा, जिसमें छात्र प्रवेश चाहता है।

35. सामान्यः

क) एक बार छात्र द्वारा कार्यक्रम उत्तीर्ण कर लेने के बाद, उसे दोहराने या उसमें सुधार का कोई प्रावधान नहीं होगा।

ख) पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं होगा। तथापि, विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार पुनर्योग की अनुमति दी जा सकती है।

ग) निकास का विकल्प केवल सम सेमेस्टर के अंत में उपलब्ध होंगे और प्रवेश का विकल्प केवल विषम सेमेस्टर के आरंभ में ही प्रचलित पाठ्यक्रम के अनुसार उपलब्ध होंगे।

घ) यदि कोई छात्र द्वितीय सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा देता है और तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश को त्याग देता है और भविष्य में चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेश लेना चाहता है, तो उसे चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे छात्र को विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश लेना होगा। यह अन्य विषम सेमेस्टर पर भी लागू है।

ङ) एनएचईक्यूएफ से संबंधित कोई भी बिंदु जो इस अध्यादेश में समावेशित नहीं किया गया है, उसे विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर अध्यादेश/विनियम/दिशानिर्देशों के माध्यम से निर्धारित किया जाएगा।

च) यदि अध्यादेश में सम्मिलित नहीं किए गए मामलों से संबंधित कोई प्रश्न उठता है, तो विश्वविद्यालय या यूजीसी के अध्यादेश/स्टेट्यूट में किए गए प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे।

छ) एबीसी और बहु प्रवेश और निकास से संबंधित कोई भी बिंदु जो इस अध्यादेश में सम्मिलित नहीं है, उसके संबंध में विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार समय–समय पर जारी यूजीसी दिशानिर्देशों/ विनियमों के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही किया जायेगा।

ज) यदि इस अध्यादेश के प्रावधानों की व्याख्या से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसे प्रबंधन बोर्ड को अभिमत के लिए भेजा जाएगा।

झ) कार्यक्रम से संबंधित, वैधानिक निकायों जैसे यूजीसी या किसी अन्य प्रासंगिक नियामक निकाय द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों को कार्यान्वयन के लिए अपनाया जाएगा।

ञ) इस अध्यादेश के अंतर्गत सम्मिलित नहीं होने वाले मामलों में, विश्वविद्यालय के सामान्य नियम और विनियम लागू होंगे।

ट) यूजीसी संशोधन अधिसूचनाएँ, यदि कोई हों, विश्वविद्यालय द्वारा यथोचित परिवर्तन सहित, विद्यमान अध्यादेश में सम्मिलित की गई मानी जाएँगी।

ठ) उपरोक्त के बावजूद, विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र प्रदान करने वाला अध्ययन कार्यक्रम यूजीसी या संबंधित वैधानिक निकाय के प्रासंगिक विनियमों और मानदंडों द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप हो।

Table 5

Table: Sample UGCF for Multidisciplinary Course of Study

Semester	Core (DSC)	Elective (DES)	Generic Elective (GE)	Ability Enhancement Course (ABC)	Skill Enhancement Course (SEC)	Internship / Apprenticeship/Project)2)	Value addition Course	Total Credits
I	Discipline A-1(4) Discipline B-1(4) Discipline C-1(4)		Choose one from a pool of courses GE-1(4)	Choose one from a pool of ABC courses (2)	Choose one from a pool of courses (2)		Choose one from a pool of courses (2)	**22 Credits**
II	Discipline A-2(4) Discipline B-2(4) Discipline C-2(4)		Choose one from a pool of courses GE-2(4)	Choose one from a pool of ABC courses (2)	Choose one from a pool of courses (2)		Choose one from a pool of courses (2)	**22 Credits**
Students on exit shall be awarded undergraduate certificated (in the Field of Multidisciplinary study after securing the requisite 44 credits in semester I and II								**Total = 44 Credit**
III	Discipline A-3(4) Discipline B-3(4) Discipline C-3(4)	Choose one from a pool of courses DSE A/B/C (4) or Choose one from a pool of courses GE-3(4)		Choose one from a pool of ABC courses (2)	**Choose one SEC OR** Internship/Apprenticeship/Project/community outreach (2)		Choose one from a pool of courses (2)	**22 Credits**
IV	Discipline A-4(4) Discipline B-4(4) Discipline C-4(4)	Choose one from a pool of courses DSE A/B/C (4) or Choose one from a pool of courses GE-3(4)		Choose one from a pool of ABC courses (2)	**Choose one SEC OR** Internship/Apprenticeship/Project/community outreach (2)		Choose one from a pool of courses (2)	**22 Credits**
Students on exit shall be awarded undergraduate certificated (in the Field of Multidisciplinary study after securing the requisite 88 credits on completion of semester IV								**Total = 88 Credit**
V	Discipline A-5(4) Discipline B-5(4) Discipline C-5(4)	Choose one from a pool of courses DSE A/B/C (4)	Choose one from a pool of courses GE-5(4)		**Choose one SEC OR** Internship/Apprenticeship/Project/community outreach (2)			**22 Credits**

VII	Discipline A-6(4) Discipline B-6(4) Discipline C-6(4)	Choose one from a pool of courses DSE A/B/C (4)	Choose one from a pool of courses GE-6(4)		**Choose one SEC OR** Internship/Apprenticeship/Project/community outreach (2)		**22 Credits**
Students on exit shall be awarded Bachelor of (in the Field of Multidisciplinary study) after securing the requisite 132 credits on completion of semester VI							**Total = 132 Credits**
VII	DSC-(4)	Choose three DSE (3x4) courses **OR** Choose two DSE (2x4) and one GE(4) course **OR** Choose one DSE and two GE(4) courses **OR** All three GE 7,8 & 9 (Total = 12)			Dissertation on Major (4+2) **OR** Dissertation on Minor (4+2) **OR** Academic project/Entrepreneurship (4+2)		**22 Credits**
VIII	DSC-(4)	Choose three DSE (3x4) courses **OR** Choose two DSE (2x4) and one GE(4) course **OR** Choose one DSE and two GE(4) courses **OR** All three GE 10,11 & 12 (Total = 12)			Dissertation on Major (4+2) **OR** Dissertation on Minor (4+2) **OR** Academic project/Entrepreneurship (4+2)		**22 Credits**
Students on exit shall be awarded Bachelor of (in the Field of Multidisciplinary study) (Honors or Honors with Academic Project/Entrepreneurship) after securing the requisite 176							**Total = 176 Credits**

University Logo

FIRST SEMESTER

ANNEXURE -S-1

Logo in water mark

----- Name of the University -----

GRADE SHEET

Name of the Programme:-

Name of the University:-

Address of the University:-

Batch	Year
Enrollment No.	Roll No.
Name of the Student	Examination
Father's/Husband's Name	**Mother's Name**

Programme Code	Programme Title	Credits	Grade	Grade Point	Credit Points (Credits x Grade Point)
	Programme 1	6	A	8	48
	Programme 2	6	C	5	30
	Programme 3	4	B+	7	28
	Programme 4	4	O	10	40
TOTAL		20			146
SGPA		146/20			7.30

* Grade in Repeat Examination

RESULT SEMESTER WISE								
SEMESTER	**I**	**II**	**III**	**IV**	**V**	**VI**	**VII**	**VII**
TOTAL CREDITS								
OBTAINED CREDITS								
ADDITIONAL CREDITS								
SGPA								
ATTEMPT								
RESULT								

#SGPA -Semester Grade Point Average

CGPA - Cumulative Grade Point Average Equivalent percentage = CGPA x10

Date of Result

Registrar/Controller Examination

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 25 मई 2026

क्रमांक GENS/9406/2026/38-2.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 25–05–2026 का अंग्रेजी अनुवाद छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के प्राधिकार से एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज कुमार मिश्रा, उप–सचिव.

Nava Raipur Atal Nagar, the 25th May 2026

NOTIFICATION

No. GENS/9406/2026/38-2.— Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission, Raipur vide its Letter No. 10510/आंजनेय यू./परिनियम/171/2023/23471 Dated 5.2.2026 the amended Ordinance No. 57(A) of Anjaneya Vishwavidyalaya, Raipur has been approved under Section 29(2) of Chhattisgarh Private Universities (Establishment & Operation) Act, 2005.

2. The State Government hereby gives its approval for notification of these Ordinance in Official Gazette.

3. The above Ordinance shall come into force from the date of its publication in the official Gazette.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
MANOJ KUMAR MISHRA, Deputy Secretary.

ANJANEYA UNIVERSITY, RAIPUR

ORDINANCE NO. – 57-A

Ordinance for the Grant of Undergraduate Degree and Postgraduate Degree in accordance with provisions of University Grants Commission (Minimum Standards of Instruction for the Grant of Undergraduate and Postgraduate Degree) Regulations, 2025.

1. Short Title and Commencement:

1.1 This Ordinance shall be called the Ordinance for grant of certificates, diploma, Under Graduate Degree and Post Graduate Degree by the Anjaneya University. However, the programmes regulated by Bar Council of India (BCI), Pharmacy Council of India (PCI), National Medical Commission (NMC), Indian Council of Agricultural Research (ICAR) shall be outside the purview of this Ordinance.

1.2 This Ordinance shall be applicable from the Academic Session 2025-26 onwards from the I[st] Semester of the Programmes run by the University.

1.3 The Provisions of the Ordinance shall apply to the four year (eight semester) Bachelor Degree (Honours /Honours with Research) Programme, three year (six semester) Bachelor Degree Programme, two year Undergraduate Diploma Programme, one year Undergraduate Certificate Programme, two year Master Degree Programme, one year Master Degree Programme and one year Post Graduate Diploma. Following shall be the Programmes run by the University:-

S.No.	Name of Faculty	Name of Programme
(1)	(2)	(3)
1	Journalism/ Mass Communication/ Media	• Bachelor of Arts in Journalism and Mass Communication (BA (JMC) • Master of Arts in Journalism and Mass Communication (MA (JMC)
2	Arts/ Humanities/ Social/ Library Sciences	• Bachelor of Arts (BA) • Master of Arts (MA) in (Yoga/ Education/ Fine Arts/ Film Making/ Economics/ English/ Hindi/ Sanskrit/ Linguistics/ Psychology/ Sociology/ History/ Political Science/ Public Administration/ Geography / Philosophy/ French/ Spanish/ German) • Bachelor of Social Work (BSW) • Master of Social Work (MSW) • Bachelor of Rural Studies (BRS) • Master of Rural Studies (MRS)
3	Business Administration/ Commerce/ Management/	• Bachelor of Commerce(B.Com) • Master of Commerce (M.Com) • Bachelor of Business Administration (BBA) • Master of Business Administration (MBA)

	Finance	
4	Hotel Management/ Hospitality/ Tourism/ Travel	• Bachelor of Hotel Management and Catering Technology (BHMCT) • Master of Hotel Management and Catering Technology (MHMCT)
5	Science/ Statistics/ Computer Application	• Bachelor of Science (B.Sc.) • Master of Science (M.Sc.) in (Information Technology/ Computer Science/ Biotechnology/ Microbiology/ Biochemistry/ Chemistry/ Biology/ Zoology/ Botany/ Electronics/ Mathematics/ Physics/ Cognitive Science/ Yoga/ Fashion Designing/ Interior Designating/ Psychology • Bachelor of Computer Application (BCA) • Master of Computer Application (MCA) • Bachelor of Statics (B.Stat.) • Master of Statics (M.Stat.)
6	Engineering/ Technology/ Architecture/ Design	• Bachelor of Technology (B.Tech.) (Civil Engineering/Computer Science and Engineering(AI/ML/Data Science)/Electrical and Electronics Engineering/Electronics and Telecommunication Engineering/Mechanical Engineering/Mining Engineering/Electrical Engineering) • Master of Technology (M.Tech.) (Civil Engineering/Computer Science and Engineering(AI/ML/Data Science)/Electrical and Electronics Engineering/Electronics and Telecommunication Engineering/Mechanical Engineering/Mining Engineering/Electrical Engineering) • Bachelor of Design (B.Des.) • Master of Design (M.Des.)
7	Vocational Education	• Bachelor of Vocation (B.Voc.)

2. Definitions. – In this Ordinance, unless the context otherwise requires, -

